

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -73 जबलपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### 16 अप्रैल को मंडला से होगी लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## एमपी में बंद नही होगी लाड़ली बहना योजना, आज खाते में आएगी राशि- डॉ.मोहन यादव

**प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास तेज करें-अगले 5 साल में दुग्ध उत्पादन 2 करोड़ लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य लेकर बढ़ें आगे**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 16 अप्रैल को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहनों के खाते में राशि का अंतरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि राशि अंतरण की तारीख में सदैव एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि लाड़ली बहनों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल (बुधवार) को मंडला जिले से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनाओं के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद् की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार केन्द्रीय गृह एवं



सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 13 अप्रैल को राज्य सरकार तथा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य सहकारिता अनुबंध हुआ। इससे प्रदेश के पशुपालकों को सीधा लाभ होगा। पशुपालकों द्वारा उत्पादित दूध एवं इससे जुड़े अन्य उत्पाद अब सीधे एनडीडीबी के माध्यम से खरीदे जायेंगे। इससे प्रदेश के पशुपालकों की माली हालत तेजी से सुधरेगी और वे आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के कुल दुग्ध उत्पादन की तुलना में दुग्ध संकलन बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाये। साथ ही प्रदेश के शेष्ज्ञ आधे ग्रामों से दूध का संकलन करने की कार्रवाई में भी गति लायें। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा 5 रुपए प्रति लीटर बोनस के रूप में प्रोत्साहन राशि देने सहित डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना का प्रचार-प्रसार एवं मप्र के दूध की प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मार्केटिंग एंव ब्रांडिंग भी की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनडीबीबी द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कॉम्प्रिहेंसिव प्लान म.प्र. सरकार के साथ मिलकर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल को केन्द्रीय मंत्री से मिले निर्देशों में नये लक्ष्य शामिल कर ह्ष्ठष्ठ के साथ हुये अनुबंध में आवश्यक संशोधन करने के लिये भी कहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि प्रदेश में अगले 5 साल में 2 करोड़ लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। इस दिशा में एनडीडीबी से भी मार्गदर्शन लें। उन्होंने कहा कि अभी प्रदेश के दुग्ध संघों द्वारा मात्र 10 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन किया जाता है।

## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें, ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में दायर किया आरोप पत्र



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया है. जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया है. ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया गया है. आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं.

ईडी की ओर से दाखिल किए गए आरोपपत्र पर राउस एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी. ईडी की ओर से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 44 और 45 के तहत धन शोधन के अपराध के लिए अभियोजन शिकायत दर्ज की गई है. इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी.

नेशनल हेराल्ड मामला क्या है?

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी. यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था. इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता था. 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई. 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वाईआईएल नामक कंपनी बनी. इसमें सोनिया और राहुल गांधी की 38-38त्न हिस्सेदारी है. बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया और यह धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है.

### पीएसीएल घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## राजस्थान के पूर्व मंत्री के यहां रेड, 2,850 करोड़ रुपए का है मामला



जयपुर.(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,850 करोड़ रुपये के पीएसीएल घोटाले में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर छापा मारा. इस मामले में ईडी कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास की भूमिका की जांच में जुटी है. पीएसीएल ने देशभर में लगभग 5.85 करोड़ निवेशकों को ठगा था. सेबी ने साल 2014 में कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया था. मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो 2016 में 1.86 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली और निवेशकों को पैसे लौटाने के उद्देश्य से एक समिति बनाई. अब इसी मामले में ईडी ने एक्शन लिया है. उधर, छापेमारी पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी यहां तलाशी और छापेमारी करने आई है. मैं उनके साथ सहयोग कर रहा हूं. ईडी अपना काम कर रही है और मैं अपना काम करूंगा. मेरा मानना है कि भाजपा को ईडी का इस्तेमाल करके राजनीति नहीं करना चाहिए. प्रताप सिंह खाचरियावास किसी से नहीं डरता है. मुझे इन सरकारों का इलाज करना आता है. प्रताप सिंह ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार कान खोलकर सुन ले. ईडी और इनकम टैक्स कुछ भी भेज दो. मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा. भ्रष्टाचार करने वालों को डरना चाहिए. मैं नहीं डरूंगा. उन्होंने कहा कि मुझे ईडी की तरफ से कोई नोटिस नहीं दिया गया.

### संघ, मोदी को आतंकी कहा, कन्हैया पर केस

पटना। 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पीएम मोदी और संघ को आतंकी कहा। पटना जाने पर भाजपा ने केस दर्ज करवाया है। शिकायत में कहा कि कन्हैया कुमार ने मोदी को आतंकी कह कर देश का अपमान किया है। संघ को आतंकी संगठन कहा। इंटरव्यू के दौरान कन्हैया कुमार ने मोदी और संघ को गाली दी।

### मोदी-शाह हैं दंगों के जिम्मेदार- मित्रा

कोलकाता। वक्फ बिल को लेकर पश्चिम बंगाल में फैल रहे दंगों के बीच टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा है कि दंगों के जिम्मेदार पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं। भाजपा नेता उलटी-सीधी बात कर भड़काते हैं,

### बंगाल हिंसा पर बोले योगी आदित्यनाथ

## लातों के भूत, बातों से नहीं मानेंगे



उत्तर प्रदेश-(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में हुई हालिया हिंसा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस मुद्दे पर सीधे तौर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि हिंसा से ग्रस्त लोग बातचीत से नहीं समझेंगे। उन्हें केवल लाठी से ही होश आएगा (लातों के भूत, बातों से नहीं मानेंगे)। अगर कोई बांग्लादेश से इतना प्यार करता है, तो वह वहां जाने के लिए स्वतंत्र है। योगी ने कहा कि बंगाल जल रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं। वे दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से कहां मनवाने वाले हैं? लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे रखी है।

योगी ने कहा कि पूरा मुर्शिदाबाद पिछले एक हफ्ते से जल रहा है। लेकिन सरकार चुप है। ऐसी अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सब चुप हैं। मुर्शिदाबाद दंगों पर कांग्रेस चुप है। समाजवादी पार्टी चुप है। टीएमसी चुप है। वे धमकियाँ दे रहे हैं। वे बेशर्मी से बांग्लादेश में जो हुआ उसका समर्थन कर रहे हैं। अगर उन्हें बांग्लादेश पसंद है, तो उन्हें वहाँ चले जाना चाहिए। वे भारत की धरती पर बोझ क्यों बन रहे हैं?

इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम को लेकर हुई हिंसा के दौरान हिंदुओं को उनके घरों से घसीटकर मार डाला गया। उन्होंने कहा कि हिंसा भड़काई गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन हिंदुओं को उनके घरों से घसीटकर निकाला गया और उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा, ये सब कौन हैं? ये वही दलित, वंचित और गरीब लोग हैं, जिन्हें इस जमीन से सबसे ज्यादा फायदा मिलने वाला है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि यह वही देश है, जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन पर कब्जा किया गया है।

### दिल्ली में कांग्रेस और राजद की बड़ी बैठक, तेजस्वी बोले

## हाईजैक हो चुके नीतीश, बिहार में एनडीए की नहीं बनेगी सरकार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली में बिहार चुनाव से पहले राजद और कांग्रेस के बीच बड़ी बैठक हुई। राजद नेता तेजस्वी यादव और मनोज झा ने लोकसभा नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने बैठक की और सकारात्मक चर्चा हुई। हम 17 अप्रैल को पटना में फिर मिलेंगे। हम पूरी तरह तैयार हैं और हम बिहार को आगे ले जाना चाहते हैं। राज्य में एनडीए सरकार के 20 साल बाद भी बिहार सबसे गरीब राज्य है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम चर्चा



करेंगे और सर्वसम्मति से सीएम का चेहरा तय करेंगे। नीतीश जी तो हाईजैक हो चुके हैं। एनडीए इस बार बिहार में सरकार नहीं बना रहा है। 20 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष बिहार के बक्सर में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक जनसभा करेंगे। उम्मीद है कि कांग्रेस अध्यक्ष के साथ मंच पर राजद के नेता भी होंगे, ताकि भारतीय जनता पार्टी की एकता और ताकत का प्रदर्शन किया जा सके। इस बार, कांग्रेस ने युवा नेता कन्हैया कुमार को जिम्मेदारी दी है, जो अपनी नौकरी दो रैली के ज़रिए पलायन और बेरोज़गारी के मुद्दे को उठाते रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी रैली में हिस्सा लिया था। इससे पहले 30 मार्च को बिहार में पार्टी के लिए चुनावी बिगुल बजाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर 1990-2005 के बीच जंगल राज और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। 30 मार्च को अपनी बैठक के बाद से शाह चुनाव की तैयारी के लिए महीने में दो दिन बिहार में बिताने जा रहे हैं।

### एयरपोर्ट के डिस्प्ले बोर्ड से हिंदी हटाई, बवाल

बेंगलुरू। यहां के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ानों की जानकारी देने वाले डिस्प्ले बोर्ड से हिंदी हटाने का मामला तूल पकड़ रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने ऐलान किया है कि डिस्प्ले पर अब केवल कन्नड़ और अंग्रेजी में ही जानकारी दी जाएगी। पिछले कुछ दिनों से दक्षिण के राज्यों और हिंदी भाषी इलाकों के बीच भाषा को लेकर जंग चल रही है।

## महाराष्ट्र -बुलढाणा में बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, तीन की मौत और 20 घायल, एमपी की थी बस

बुलढाणा. (आरएनएस)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया. खामगांव-नांदुरा हाईवे पर आमसारी फाटा के पास एक मध्य प्रदेश परिवहन निगम की बस और ईंटों से लदे ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बस मध्य प्रदेश परिवहन निगम की है. बस और ईंटों का परिवहन करने वाले ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई. दुर्घटना से चीख-पुकार मच गई. स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई. पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हुए हैं. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल भेज दिया, जहां उनका इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि बस और ट्रक की रफ्तार तेज थी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और ट्रक का अगला हिस्सा



पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना के बाद कांच के टुकड़े सड़क पर गिर गए. सड़क पर ईंटें बिखरी गईं. घायल यात्रियों की चीख-पुकार और हंगामे से इलाके में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया. फिलहाल, पुलिस घटना की जांच कर रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर दुख जताया था. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी करते हुए लिखा था,

## शरबत जिहाद पर तेज हुआ विवाद, गुरु रामदेव के खिलाफ दिग्विजय सिंह ने थाने में दर्ज कराई शिकायत



भोपाल -(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस से संपर्क किया और उन पर शरबत जिहाद पर अपने कथित बयान के जरिए धार्मिक नफरत फैलाने का आरोप लगाया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सिंह द्वारा दर्ज की गई शिकायत की जांच की जाएगी। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य सिंह ने भोपाल के टीटी नगर पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया और मांग की कि भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 196 (1) (ए) और 299 के तहत मामला दर्ज किया जाए।

धारा 196 धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने पर रोक लगाती है, जबकि धारा 299 जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों को संबोधित करती है जिसका उद्देश्य किसी भी तरह से दुश्मनी को बढ़ावा देना है। सिंह ने रामदेव के एक्स अकाउंट के ज़रिए कथित तौर पर जारी किए गए एक वीडियो को फ़्लैग किया, जिस पर उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए लोगों में धार्मिक भावनाओं को भड़काना था। सिंह ने कहा कि रामदेव ने पतंजलि के गुलाब शरबत का विपणन करते हुए दावा किया था कि शरबत बेचने वाली एक कंपनी आय का इस्तेमाल मदरसे और मस्जिद बनाने में करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामदेव ने पतंजलि के इसी तरह के उत्पाद का प्रचार करते हुए इसे शरबत जिहाद करार दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा, रामदेव का यह बयान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और द्वेष से भरा है तथा धार्मिक भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है

## पिता सौतेली बहनों से करता था छेड़छाड़, नाबालिग बेटे ने गुस्से में गला घोंट कर मारा

### गला घोंटने के बाद दफनाया, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित कठौंदा कचरा प्लांट में सुंदरलाल उर्फ बल्लू कोरी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में पुलिस ने सुंदरलाल के नाबालिग बेटे व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होने सुंदरलाल की गला घोंटकर हत्या की और शव को दफना दिया था। मामले में आरोपी नाबालिगा बेटे का कहना था कि पिता द्वारा सौतेली बहन के साथ छेड़छाड़ करता रहा, मां के साथ मारपीट करता रहा। इस आशय की जानकारी एएसपी आनंद कलादगी ने पत्रवार्ता में दी है। एएसपी श्री कलादगी ने चर्चा में आगे बताया कि माढ़ोताल निवासी सुंदरलाल कोरी उम्र 51 वर्ष ने गीता नामक महिला से दूसरी शादी थी, जिससे उसके दो बेटे हुए। गीता की पहले पति से तीन बेटियां थी। प्राइवेट नौकरी करने वाला सुंदरलाल आए दिन शराब पीकर आता और पत्नी गीता के साथ मारपीट करता रहा, यहां तक कि सौतेली बेटियों पर भी गलत नजर रखता था। इस बात को लेकर सुंदरलाल का सगे नाबालिग बेटे से विवाद भी होता था। आए दिन पिता सुंदरलाल द्वारा शराब पीकर



मां के साथ मारपीट व बहनों के साथ छेड़छाड़ को लेकर नाबालिग बेटे ने हत्या करने की ठान ली। उसने अपने दो दोस्त उदय चड़ार पिता गणेश चड़ार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम औरिया कंटगी बायपास व साहिल पिता अरविंद रैकवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम औरियाए सरकारी स्कूल के पास के साथ मिलकर साजिश रची। 9 अप्रैल की रात सुंदरलाल शराब के नशे में धुत होकर घर आया तो नाबालिग बेटा बात करने के बहाने घर से कुछ दूर ले गया। वहां उसके दोनों दोस्त पहले से मौजूद थे। वहां पर नाबालिग बेटे ने सुंदरलाल को धक्का देकर गिराया, इसके बाद तीनों ने सुंदरलाल की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार हुए। शव को चादर में लपेटकर रात के अंधेरे में कठौंदा कचरा प्लांट के पास ले जाकर ज़मीन में दफना दिया। दूसरे दिन पुलिस को कचरा प्लांट के पास लाश मिलने की सूचना पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्ती के प्रयास शुरु किए गए। इस दौरान पता चला कि सुंदरलाल कोरी की लाश है। पुलिस ने सुंदरलाल की पहचान होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान कठौंदा कचरा प्लांट के पास रहने वाले कुछ लोगों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल की रात एक बाइक पर चार लोग जाते हुए देखे गए थे। सीएसपी भगत सिंह गठौरिया ने टीम के साथ स्थानीय लोगों से बातचीत की तो कुछ लोगों ने इस बात की पुष्टि भी की। बीते दिन पुलिस ने मृतक सुंदरलाल के 17 वर्षीय बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो उसने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि वह घटना वाले दिन जबलपुर में नहीं था,



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना ग्वारीघाट में सुबह सोनू बर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी खड़ी खेरमाई के पीछे लालकुआ ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि लगभग 11-30 बजे वह एवं उसकी पत्नी नीता बर्मन आपस में घरेलू बात को लेकर बात कर रहे थे तभी पत्नी की बहन विनीता बर्मन ने अपनी बहन का पक्ष लेते हुये बोली कि तू रोज शराब पीकर रात में लड़ाई करता है कहकर गाली गलौज करने लगी, उसने गालियां देने से मना किया तो डंडा से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 118( 1 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नहर में गिरी स्कॉर्पियो, 1 की मौत, 4 सुरक्षित बचे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** ।बरगी थाना क्षेत्र में ग्राम निगरी के पास रविवार की रात बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई स्कॉर्पियो नहर में गिर गई। कार में 5 लोग सवार थे, जो कि 43 वर्षीय मरीज शोभाराम काछी को लेकर मेडिकल जा रहे थे। हादसे के बाद कार सवार 4 लोग किसी तरह बच गए लेकिन मरीज कार सहित पानी में डूब गया। उसे जब बाहर निकाला गया तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निगरी गोकला निवासी शोभाराम काछी उम्र 43 वर्ष को पथरी की शिकायत थी। रविवार की रात पेट में दर्द होने पर परिजनों ने गांव के गोविंद झारिया की स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 20 सीडी 8163 बुक की और शोभाराम को मेडिकल लेकर रवाना हुए। कार को गोविंद चला रहा था और उसमें शोभाराम की पत्नी अनीता बाई, ससुर किशन लाल व भतीजा दर्पण सवार थे। वहीं पीछे बाइक से शोभाराम का भाई श्रवण आ रहा था। कार जैसे ही निगरी नहर के पास पहुंची तभी सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। दो तैरकर निकले, दो को बचाया प्रत्यक्षदर्शी श्रवण ने बताया कि स्कॉर्पियो जहां नहर में गिरी वहां करीब 10 से 12 फीट पानी था और किसी तरह कार चालक गोविंद व भतीजा दर्पण तैरकर किनारे आ गए। वहीं शोभाराम की पत्नी अनीता व ससुर किशन नहर में बह गए थे। उनको श्रवण ने एक अन्य युवक की मदद से करीब दो फीट आगे जाकर पकड़ा और नहर से बाहर निकाला। शहर से बुलाए गए गोताखोर नहर के पानी में स्कॉर्पियो डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में पानी निकासी बंद कराई और शहर से गोताखोरों को बुलाया।

**सकल जैन समाज के सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर महाराष्ट्र की तर्ज पर संतों को सुरक्षा देने की अपील प्रशासन से की**

# जैन संतों पर जानलेवा हमले पर जताया विरोध, सुरक्षा के लिए मांगा आश्वासन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस नीमच के कछाला गांव में श्वेताम्बर जैन समाज के तीन जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले पर जैन समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसे लेकर जबलपुर में सकल जैन समाज के सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने कहा कि इस दर्दनाक घटना से पूरा जैन समाज क्षुब्ध है और इसकी कड़ी निंदा करता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस विषय पर त्वरित कार्यवाही की गई और अपराधियों को तुरंत हिरासत में लिया गया। इसके लिए हम सदस्यों ने प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया।



सदस्यों ने बताया कि अनेक वर्षों से ये देखा जा रहा है कि असामाजिक तत्वों द्वारा देश के अलग अलग क्षेत्रों में जैन समाज के संतों पर जान लेवा हमले किए जा रहे हैं, जबकि जैन संत अहिंसा के पुजारी हैं। सदस्यों ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा एक अधिनियम जारी किया गया है जो साधु संतों की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को निर्देश देता है कि वो उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। माननीय राष्ट्रपति जी, माननीय प्रधानमंत्री जी एवं सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों से सकल जैन समाज ये निवेदन करना चाहता है कि हमारे देश की धरोहर साधु संतों की सुरक्षा के लिए ऐसा ही प्रावधान सभी राज्यों में बनाकर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। इस अवसर पर श्री वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ सदर से अध्यक्ष मंगल चंद टाटिया, श्री जैन स्थानकवासी सेवा समिति, गोरखपुर से अध्यक्ष अर्जुन चोपड़ा, श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर सदर से अध्यक्ष ज्ञान गोलछा, कच्छी जैन समाज, नेपियर टाउन से अध्यक्ष विपुल वीरा, श्री तेरापंती जैन सभा, जबलपुर से अध्यक्ष पारस नाहर, श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, सराफा से अध्यक्ष विजय भूरा, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर, मदन महल, अध्यक्ष उमेश जैन, दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जबलपुर के अध्यक्ष कैलाश चंद जैनजबलपुर ,जैन नवयुवक सभा, जबलपुर मौजूद रहे।

# पनागर परियट नदी में बना जन सहभागिता से 4 हजार बोरियों का बँधान





**जल गंगा संवर्धन अभियान**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड पनागर,के द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम सोनपुर में जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता एवं श्रमदान, जन सहयोग से लगभग 4 हजार बोरियों का बोरी बँधान कार्य श्रमदान एवं जन सहभागिता से चलाए जा रहे अभियान में आज जन अभियान परिषद के सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल,संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन, जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी ने सहभागिता की। परिषद के विकासखण्ड समन्वयक पनागर के द्वारा बताया गया कि उक्त बोरी बंधान 22 मार्च विश्व जल दिवस से प्रारंभ करते हुऐ साप्ताहिक सामूहिक श्रमदान से आज लगभग 4 हजार बोरियों का बँधान बन चुका है आगे भी कार्य प्रयासरत है अभी नदी क्षेत्र में 400 मीटर दूर तक पांच से तीन फिट तक जल भराव हो चुका है। जो आज सामाजिक सहयोग से किये गये जल संरक्षण का अनुपम एवं अनुकरणीय कार्य किया गया है। आज श्रमदान के पूर्व आयोजित जन चौपाल एवं जल गोष्ठी में उपस्थित नव नियुक्त परिषद के सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समुदाय की सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया गया। यह कार्य अनुकरणीय है, यह जीवन और संसार पंच महाभूतों से चलता है, जिसमें जल सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। इसको बचाने का प्रत्येक जतन हम सभी को मिलकर करना चाहिए। जल गोष्ठी को स्थानिये पार्षद श्रीमति रजनी साहू,संभाग समन्वयक एवं जिला समन्वयक ने भी संबोधित किया आज कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखण्ड समन्वयक एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र साहू,जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सामुदायिक नेतृत्व कार्यक्रम के समाज कार्य के छात्र छात्राओं की प्रमुख सहभागिता रही है।

**01 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ**

# यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से मार्च माह में 1 लाख 22 हजार से अधिक रेल टिकट बुक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। इसके लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप माह मार्च 2025 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 01 लाख 22 हज़ार 685 टिकटों से 6 लाख 56 हजार 515 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 01 करोड़ 31 लाख 03 हजार 575 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों के बीच इस एप्प की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ अनारक्षित टिकट लेने के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई है। इस एप्प के माध्यम से माह मार्च 2024 में मण्डल वाइस जानकारी इस प्रकार है।

जबलपुर मंडल :- यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 35,170 बुक टिकट से 02 लाख 93 हजार 702 यात्रियों ने यात्रा की जिससे रेलवे को 43 लाख 37 हज़ार 690 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

भोपाल मंडल :- यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 40,033 बुक टिकट से 02 लाख 06 हजार 607 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 46 लाख 27 हजार 255 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

कोटा मंडल :- यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 47,400 बुक टिकट से 01 लाख 55 हजार 852 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 41 लाख 32 हजार 630 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

रेलवे ने एप से टिकट बुक करने सम्बंधित अधिक जानकारी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। रेल प्रशासन ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग एप्प पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें और उपयोग से जुड़े हितों का लाभ उठाएं।



# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की महाकौशल प्रांत बैठक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक का आयोजन जबलपुर में किया गया. बैठक में क्षेत्र संयोजक ओम जी शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ बैठक में महाकौशल प्रांत के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक में न्यास के कार्यो के संबंधित विभिन्न प्रकल्पों के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदान की न्यास द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किए जा रहे विभिन्न कार्यो के विस्तार के बारे मे मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु सुझाव दिए पूरे भारत में भारतीय भाषा अभियान के माध्यम से मातृ भाषा में न्याय प्रदान करने की पहल करना अपनी भाषा में हस्ताक्षर करना न्यास के उद्धेश्य को जनमानस तक लेकर जाने की बात कही.

# एयरटेल ने ब्लिंकिट के साथ की साझेदारी, ग्राहकों को सिर्फ 10 मिनट में घर पर मिल सकेंगे सिम कार्ड

**एयरटेल ने ग्राहकों को सेल्फ-केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे ही तुरंत तथा सुरक्षित रूप से सिम को चालू करने की दी सुविधा**

नई दिल्ली- आरएनएस भारती एयरटेल ने आज एक अग्रणी कदम उठाते हुए अपने ग्राहकों को दस मिनट के भीतर सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की ।किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अपनी तरह की यह पहली सेवा अब तक देश के 16 शहरों में शुरू हो चुकी हैं। आने वाले समय में इस सेवा के अंतर्गत अन्य शहरों तथा कस्बों को जोड़ने की योजना है। यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह ग्राहकों को ?49 के मामूली सुविधा शुल्क पर केवल 10 मिनट में उनके घर पर सिम कार्ड प्राप्त करने की सुविधा देती है। सिम कार्ड की डिलीवरी के बाद, ग्राहक आधार-आधारित केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से एक सरल एक्टिवेशन प्रक्रिया द्वारा नंबर को चालू कर सकते हैं। ग्राहकों के पास पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों योजनाओं में से चुनने या एयरटेल नेटवर्क में पोर्ट करने के लिए एमएनपी ट्रिगर करने का विकल्प होगा। प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, ग्राहक ऑनलाइन लिंक पर जाकर सहज एक्टिवेशन अनुभव के लिए एक्टिवेशन वीडियो भी देख सकते हैं।

# डॉ. बीआर अंबेडकर की 134 वीं जयंती समता दिवस के रूप में मनाई गई






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नागरिक अधिकार मंच और संविधान जागरूकता फोरम के तत्वावधान में बादशाह हलवाई मन्दिर पोलीपाथर में भारतरत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा केक काटकर और युवाओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ कर की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव. अधिवक्ता राजेंद्र गुप्ता, अधिवक्ता अरविंद चौधरी व रामरतन यादव उपस्थित थे। जन समूह को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर की सीख के रूप में आज के वंचित समाज के लोगों को सब कुछ छोड़ कर अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए। अधिवक्ता राजेंद्र गुप्ता ने कहा अक्सर गरीबी के कारण बच्चों की पढ़ाई छूटने की बात की जाती है लेकिन कभी यह नहीं सुना कि गरीबी के कारण किसी की शराब पीने की आदत छूटी हो। उन्होंने कहा कि इस कारण से आज बहुजन समाज पिछड़ा है। वंचित समाज अपने बच्चों और भविष्य के लिए चिंतित नहीं है। अरविंद चौधरी व रामरतन यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कबीर गायक आचार्य डब्बल कबीर ने अंबेडकर केन्द्रित गीतों का गायन किया। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से उल्लेख?ित किया की अगर भीम न होते तो बहुजन का हाल क्या होता। कार्यक्रम में संस्था की ओर कौशल कबीर, किरण कवाडे, दीक्षा यादव, शिव कुमार, जीतेन्द्र झरिया, अभिषेक चौधरी और संदीप चौधरी ने सहयोग व समन्वय किया।

## अपरिहार्य कारणों से स्थगित विशेष ( बजट ) बैठक अब 21 अप्रैल को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम, जबलपुर की स्थगित विशेष बजट बैठक दिनांक 16 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को होनी थी, अपरिहार्य कारणोंवश स्थगित की गयी है। स्थगित विशेष (बजट) बैठक अब दिनांक 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार समय प्रातः 11 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में आयोजित की गयी है।

# जय भीम के नारे से गुंजायमान हुआ संस्कारधानी



भारत रत्न संविधान शिल्पी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वे जन्मोत्सव के अवसर पर आज जय भीम जय भीम के नारों से गुंजायमान हुआ।संस्कारधानी की समस्त गलियों से महिला,पुरुष युवा बच्चे हाथ में नीला झंडा,बग्घी जिस पर बाबा साहब ,महात्मा ज्योतिराव फुले,बिरसा मुंडा झलकारी बाई आदि की झाकियां रैली के रूप में लेकर अम्बेडकर चौक पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगीत की धुन पर नृत्य प्रस्तुति महिला युवाओं ने की साथ ही आतिशबाजी कर भव्य रूप से जयंती को मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी,सेवानिवृत आई ए एस जगदीश जटिया शिवनाथ चौधरी आलम , तेजकुमार भगत, तरुण रोहितास, डॉ बी एल झारिया,शिवकुमार गोटियां,कमलेश धपोड़कर,उमेश मेहरा,सी एस सिरसाठ , डॉ सत्येंद्र ब्यौहार ,राजेंद्र गुप्ता,वीरेंद्र परस्ते,शुभम चौधरी, राजकुमार सिंह,नीलू सोनकर,जीवन जाटव,प्रमेंद्र धुर्वे,राकेश मून,दिनेश चौधरी, डेनियल इब्राहिम,दीपक चौधरी,सुनील चौधरी,रामलखन चौधरी,पवन रोहित,राजेंद्र जाट,राजेश अहिरवार,महेश अहिरवार, सोनेलाल उरेती,गिरीश धुर्वे, डॉ एच एस मरकाम, डॉ एल एस मरावी,संजय सेन,संजय अहिरवार,सी एल झारिया, डॉ संजय टोटाडे,लखन सोनी,अमर ग्रावकर, नाथूलाल सतनामी,योगेश जाटव, एस के प्रधान ,माधव पांडे,के पी प्रधान,हीरालाल परस्ते, अन्नपुर्णा महोबिया,मोहन महोबिया, डॉ दिगम्बर पीपाड़ा,हरीश पटेल,हरीश सिहोते,संगीता मून,भूपेंद्र सिंह राजेंद्र चौधरी,द्वारा उपस्थित थे लगा

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना सम्मेलन 10 मई को

जबलपुर। नगर निगम सीमा अंतर्गत दिनांक 10 मई 2025 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 15/04/2025 PRO - 38 2025_ UAD 417031_1 | संभाग क्रंमाक 09 लालमाटी अंतर्गत सेठ गोविंददास वार्ड क्रं. 47 में संजय पटेल के धर के पास कुऑ पर वाटर टैन्क बनाने का कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह<br>3.98/- | 2,000/-<br>3988/- | 24.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,नगर पालिक,निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 09 2025-2026 दिनांक 15/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मनीषा बम्बोलिया, पति- श्री मनोज सिंह जाट** भवन क्रंमाक 1240 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361927 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती शकुन बाई जाट/ श्री धरम सिंह जाट, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2210 व.फु., विक्रय प्लाट का रकवा 780 व.फु., निर्मित भूतल 660 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 240 व.फु. आर.सी.सी., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 08 2025-2026 दिनांक 15/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती ओमवती जाट, पति- श्री उदय सिंह जाट** भवन क्रंमाक 1240 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361927 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती शकुन बाई जाट/ श्री धरम सिंह जाट, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2210 व.फु., विक्रय प्लाट का रकवा 780 व.फु., निर्मित भूतल 660 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 240 व.फु. आर.सी.सी., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



भोपाल. मध्य प्रदेश के एक वरिष्ट मंत्री अफसरों पर एक कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से भड़क गये. अधिकारियों के जवाब से असंतुष्ट मंत्री कार्यक्रम में ही नाराज हो गए. इतना ही नहीं, वे कार्यक्रम अधूरा छोड़कर चले गए. दरअसल प्रदेश के शिवपुरी में मध्यप्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ यह घटना घटी. उनके कार्यक्रम छोड़कर चले जाने से स्थानीय बीजेपी नेताओं और जनप्रतिनिधियों को भी खासा आश्चर्य हुआ. वे गुस्साए आम लोगों को सफाई देते नजर आए.

**सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन, न्याय, वीरता और दानशीलता का स्थापित किया महत्व-मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा को राष्ट्रपटल पर लाए हैं- केंद्रीय मंत्री सिंधिया**

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य अतीत के स्वर्णिम पृष्ठ का प्रकटीकरण -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की राजधानी में लाल किले की प्राचीर पर ऐतिहासिक महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास है। यह विश्व में भारत द्वारा सुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में कारगर रहेगा। फिल्मों के निर्माण और डिजिटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परम्परा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश अविस्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली में तीन दिवसीय महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि, धर्म और आध्यात्म क्षेत्र की हस्तियां और बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

विरासत से विकास के मंत्र पर हो रहा है कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास का मंत्र दिया है। वास्तव में वर्तमान काल अदभुत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। आज भारत की गरिमा विश्व में निरंतर बढ़ रही है। एक समय था जब सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के महत्व को स्थापित किया। सम्राट विक्रमादित्य के युग को पुन: महानाट्य के माध्यम से जीवंत किया गया है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पक्षों को महानाट्य के माध्यम से आमजन सामने लाने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

नाट्य विधा प्राचीन विधा है, इसका आज भी है महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नाट्य विधा एक प्राचीन विधा है। आज के डिजिटल युग में भी इस विधा का महत्व बरकरार है। फिल्मों





के निर्माण के साथ अनेक माध्यमों से कला और संस्कृति के दर्शन होते हैं लेकिन महानाट्य से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन काल को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह महानाट्य हमारे इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ और गौरवशाली अतीत से परिचय करवाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करने के लिये दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।

विशिष्ट अतिथियों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में महानाट्य के मंचन को देखने के लिए पधारे राज्य सभा के उप सभापति श्री हरवंश सिंह, केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, स्वामी अचलानंद जी, मध्यप्रदेश के मंत्रीगण श्री राकेश सिंह, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री नरेंद शिवाजी पटेल, दिल्ली सरकार के मंत्री श्री आशीष सूद का उपस्थिति के लिए आभार माना और संस्कृति मंत्रालय एवं विक्रमादित्य शोध पीठ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

केंदीय संचार मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि भारत के इतिहास के महान योद्धा और कुशल शासक सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति में आयोजित महानाट्य के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इनकी गौरवगाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाने का श्रेष्ठ काम किया है। भविष्य में इसे विश्व पटल पर भी पहुंचाया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं भी सम्राट विक्रमादित्य के शासन की याद दिलाती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस महानाट्य से भावनात्मक रूप से विगत 18 वर्षों से जुड़े हुए हैं। जब वे सम्राट विक्रमादित्य के पिताश्री की भूमिका निभाते आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विरासत और विकास को जोड़ने का प्रशंसनीय काम किया है। राज्यसभा उपसभापति श्री हरिवंश ने कहा कि अतीत के प्रेरक प्रसंगों से भविष्य गढ़ने की ताकत और ऊर्जा मिलती है। वर्तमान युग भारत के पुनर्जागरण का युग है, ऐसे में इतिहास के गौरवशाली प्रसंग प्रेरणा देते हैं। सम्राट विक्रमादित्य के न्याय, धर्म, कला और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध शासनकाल को जनमानस की स्मृति में ताजा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव बधाई के पात्र हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन को महानाट्य रूप में प्रस्तुत करने का सौभाग्य दिल्ली को प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस अवसर के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दिल्लीवासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकारें को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृतियों का आदान-प्रदान कर शीर्ष पर ले जाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभिन्न प्रदेशों की संस्कृतियों को माला के मोतियों की तरह पिरो कर जनता तक पहुंचाने की शुरुआत की है।

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद श्री वीडी शर्मा, आचार्य अचलानंद जी महाराज, गृह और ऊर्जा मंत्री दिल्ली शासन श्री आशीष सूद भी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में हुआ तीन दिवसीय ध्यान सत्र संपन्न



भोपाल (आरएनएस) मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) ध्यान सत्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ।

हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम द्वारा विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए गए। ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री प्रभाकर दास, श्रीमती संगीता दास, श्री अरविन्द एवं डॉ. नील सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 का शुभारंभ**

## विकसित भारत के लिए संस्कार और स्वास्थ्य दोनों ही जरुरी-राजेन्द्र शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारा देश विकसित भारत बनने के लिए तेजी से अग्रसर है। सारी दुनिया में यह मान्यता है कि सर्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ भारत विश्वगुरू बने। विकसित भारत के लिए हमारे संस्कार और स्वस्थ्य भारत का होना भी जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शनिवार को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर दीन दयाल शोध संस्थान एवं नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद जी, जानकी महल चित्रकूट के सीताशरण जी महाराज, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा, एनएमओ के डॉ. विवेक चौकसे, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, जिला अधिकारी चित्रकूट धाम उ.प्र. श्री शिवशरण अप्पा, जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल, बालेन्द्र गौतम, डीन सतना मेडिकल कॉलेज एसडी गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी भी उपस्थित रहे।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। आर्थिक रूप से सशक्त होने से कुछ बुराईयां भी सामने आती है। इन बुराईयों को दूर करने में हमारी संस्कृति और संस्कार सहयोगी होंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और पैरामेडिकल क्षेत्र में लगातार विकास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने पूरे देश में 75 हजार मेडिकल की सीटें बढाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना बढाने के साथ लोग जागरूक होंगे तो उसका पर्याप्त लाभ भी उठा पायेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिविर और जांच अभियान चलाने से जागरूकता बढती है। उन्होंने कहा कि पीडित मानवता की सेवा करने से सम्मान और मोक्ष सब कुछ मिलता है। तीन दिन के स्वास्थ्य शिविरों में जाने वाले मेडिकल डॉक्टरों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति की स्क्रीनिंग हो जाये तो बीमारी का आसानी से समय पर पता चल जाता है और उसका समय पर निदान भी संभव है। शिविर के माध्यम से मेडिकल स्टूडेंटों का कौशल और व्यवहारिक ज्ञान भी बढेगा।

कार्यक्रम में विश्वात्मानंद जी महाराज ने अपने आर्शीवचनों में कहा कि जब श्रृष्टि की रचना हुई तो कष्ट और समस्यायें नहीं बनाई गई थी। संसार में ऐसा कोई कष्ट भी नहीं है जिसे दूर नहीं किया जा सकता है। कष्टों और समस्याओं को चुनौतियों पूर्ण ढंग से स्वीकार कर संकल्प लेकर जुटे तो सभी काम आसान हो जाते है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक के रूप में आप सब ईश्वर की संतान की सेवा कर रहे हैं और इस कार्य के लिए जन्म लेने का सौभाग्य आपको प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व कार्यक्रम की रूपरेखा में राजेन्द्र सिंह ने बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर दीन दयाल शोध संस्थान और नेशलन मेडीकोज आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में चित्रकूट की 50 किमी परिधि के 150 ग्राम पंचायतों में 13 और 14 अप्रैल को एक साथ स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार शिविर लगाये जायेंगे। इन 150 ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश की सतना जिले की मझगवां ब्लाक की 58 ग्राम पंचायत और उत्तरप्रदेश क्षेत्र की 92 ग्राम पंचायतें शामिल है।

## कलेक्टर ने की समीक्षा और सभी एसडीएम और जनपद को दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने शनिवार को बैठक में राजस्व अधिकारियों और जनपद सीईओ के साथ समीक्षा की और अभी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था के तहत हितग्राहियों की ईकेवाईसी कार्य किया जाना है। इसमें समस्त एसडीएम को निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन, प्राकृतिक प्रकोप की राशि वितरण आदि की भी समीक्षा की और कहा कि अभी आगजनी की घटनाएं हुई है, उनमें समय पर क्षतिपूर्ति राशि का वितरण होना चाहिए। उन्होंने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के स्तर पर भी लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। तालाबों का सीमांकन करने के निर्देश दिए।

समस्त जनपद सीईओ से सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास, पेंशन,अनुग्रह सहायता राशि वितरण की समीक्षा की गई। संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि के जो पेमेंट फेल हुए हैं उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें समस्त जनपद सीईओ विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में भी त्रुटि पूर्ण जवाब ना भरे। जिन शिकायतों का निराकरण किया जा सकता है

## लागू होगी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था,ई केवाईसी हितग्राही को ही मिलेगा राशन

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत प्रतिमाह पात्र परिवारों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ऐसे पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करके वास्तविक हितग्राहियों को ही निशुल्क खाद्यान्न वितरण करने तथा दोहरे और अपात्र हितग्राहियों को पोर्टल से विलोपन करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा हितग्राहियों की ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य किया गया है। अभी अगले माह 01 मई से स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत केवल ई केवाईसी हितग्राही को ही राशन दिया जाएगा। समस्त हितग्राही 30 अप्रैल तक ई केवाईसी जरूर करा लें।

शनिवार को कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ के साथ बैठक कर समीक्षा की और निर्देश दिए हैं। सभी एसडीएम द्वारा निगरानी की जाए और 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत ई केवाईसी कार्य पूर्ण करना है। पीओएस मशीन से किए गए ईकेवाईसी का सत्यापन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के स्तर से प्रतिदिन किया जाए। यह लंबित नहीं रहना चाहिए। सूची ई केवाईसी दल को उपलब्ध कराएं और दुकान, पंचायत या वार्डकार्यालय पर भी प्रदर्शित की जाए। जहां सर्वाधिक हितग्राही शेष हैं, ऐसे ग्राम पंचायत और वार्ड को चिन्हित करके शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले की समस्त 687 उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीनों पर पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे हितग्राही जो राशन प्राप्त कर रहे हैं परंतु अभी तक उन्होंने ईकेवाईसी नहीं कराई है वह जल्द संबंधित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई केवाईसी कराएं,जिससे आगे उन्हें राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।

यदि हितग्राहियों के डेटाबेस में त्रुटिपूर्ण या अन्य हितग्राहियों के आधार नंबर दर्ज हैं। इनके संशोधन की सुविधा भी पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। अभियान चलाकर जिले में हितग्राहियों की ईकेवाईसी का काम किया जा रहा है। जिसमें 11,लाख 86 हजार 764 के से अभी तक 8 लाख 31 हजार 543 की ईकेवाईसी पूर्ण हुई है जबकि 355221 उपभोक्ता अभी भी शेष हैं। जिसमें जनपद क्षेत्र में सर्वाधिक पोहरी जनपद में 51 हजार 691 और खनियाधाना जनपद में 50 हजार 947 शेष है और बदरवास जनपद में 40 हजार 846 शेष हैं। शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र में 21 हजार से अधिक हितग्राहियों की ईकेवाईसी होना है।

## पिछोर विधायक ने किए आधा दर्जन मल्टीपर्पज प्रतिक्षालयों के भूमि पूजन

भोपाल (आरएनएस)। पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने विधानसभा क्षेत्र मे कई विकास कार्यों के भूमि पूजन किए। विधायक निधि से ग्राम पंचायत नोहरा, कुम्हर्रा, रेडी हिम्मतपुर, पड़रा, तथा चमरौआ पर मांगलिक भवन एवं मल्टीपरपज प्रतीक्षालयों की सौगात दी।

पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा विधायक निधि से ग्राम पंचायत नोहरा,रेडी हिम्मतपुर,कुम्हर्रा,पडरा में 3 लाख 66 हजार रुपए की लागत राशि से मल्टीपर्पज प्रतिक्षालयों का भूमि पूजन किया। वहीं चमरौआ में मल्टी परपज प्रतीक्षालय के साथ-साथ 11लाख 71हजार रूपये की लागत राशि से मांगलिक भवन का भूमि पूजन भी किया गया। विधायक द्वारा बताया गया कि हम मांगलिक भवन जो बनाने जा रहे हैं उसमें शौचालय, नल जल तथा बैठने आदि की व्यवस्था की गई है। मैं आप लोगों के बीच ही रहकर प्रतिदिन आप लोगों की सेवा में हीं लगा हूं। मैंने जो आप लोगों के साथ बायदे किए हैं उनको निभाऊंगा।

पिछोर क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी हर स्तर पर विकास के प्रयास किया जा रहे हैं।

## खाना न देने पर दादी की पत्थर पटककर हत्या, बीच-बचाव करने पर मारा



सागर.(आरएनएस) एमपी के सागर स्थित ग्राम पलोहा में खाना न देने पर पोते महेन्द्र उर्फ चतुर्भुज नामक युवक ने दादी संतो उर्फ शांतिबाई के सीने पर पत्थर पटककर हत्या कर दी. हत्या की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ करते हुए आरोपी महेन्द्र को सरगर्मी से तलाश करते हुए बंदी बना लिया है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम पलोहा थाना केसली जिला सागर में रहने वाला महेन्द्र उर्फ चतुर्भुज अहिरवार उम्र 27 वर्ष दोपहर तीन बजे के लगभग घर आया और दादी संतो उर्फ शांतिबाई अहिरवार से खाना मांगा. दादी ने कहा कि खाना रखा है निकालकर खा ले. इतना सुनते ही महेन्द्र ने गाली गलौज शुरु कर दी. शोर सुनकर पिता आए तो उनके साथ मारपीट कर गला दबाने लगा.

दादी संतो ने देखा तो बीच बचाव करने के लिए आ गई. जिसपर महेन्द्र ने पिता को छोड़कर दादी के साथ मारपीट करते हुए सीने पर पत्थर पटककर हत्या कर दी. संतो बाई को मृत हालत में देख महेन्द्र मौके से भाग निकला. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर आरोपी महेन्द्र को सरगर्मी से तलाश करते हुए पकड़ लिया.

**चिकित्सा महाविद्यालय, सतना से संबंद्ध नवीन चिकित्सालय के निर्माण के लिए 383 करोड़ 22 लाख रूपये की राशि स्वीकृत**

## मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के किसानों के समन्वित विकास के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रचलित योजनाओं को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन को प्रारंभ करने की सैद्धांतिक अनुमति दी गयी। मध्यप्रदेश ने कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। कृषि उत्पादकता (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) वर्ष 2002-2003 में 1195 था जो वर्ष 2024 में 2393 हो गया। यह वृद्धि 200 प्रतिशत हो गयी है। फसल उत्पादन (लाख मीट्रिक टन) वर्ष 2002-2003 में 224 एवं वर्ष 2024 में 723 होकर 323 प्रतिशत हो गयी है। कृषि विकास दर (प्रतिशत में) 2002-2003 में 3



प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 9.8 प्रतिशत हो गयी। 327 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कृषि क्षेत्र का बजट (करोड़ रूपये) वर्ष 2002-2003 में 600 करोड़ एवं वर्ष 2024 में 27050 करोड़ होकर वृद्धि दर 4508 प्रतिशत हुई। मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र का योगदान प्रदेश की जीडीपी में 39 प्रतिशत है। म.प्र. कृषक कल्याण मिशन का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को जलवायु-अनुकूल बनाना, धारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, जैव विविधता और परम्परागत कृषि ज्ञान संरक्षण, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है। किसानों की आय में वृद्धि- कृषि तथा उद्यानिकी के अंतर्गत फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, उच्च मूल्य फसलों की खेती, गुणवत्तापूर्ण आदानों की उपलब्धता - बीज, रोपण सामग्री, उर्वरक, कीटनाशक, और कृषि विस्तार एवं क्षमता विकास, सस्ती ब्याज दरों पर ऋण की आसान उपलब्धता, खाद्य प्र-संस्करण और कृषि आधारित उद्योग, वैल्यू-चैन विकास और मौजूदा वैल्यू-चैन का सुदृढ़ीकरण, मप्र की विशिष्ट समस्याओं के लिए अनुसंधान एवं विकास है। कृषि तथा उद्यानिकी सस्टेनेबल कृषि पद्धतियां के अंतर्गत गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिस (जीएपी) को अपनाना, जैविक/प्राकृतिक खेती क्षेत्र में बढ़ोतरी, जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के लिए मार्केट लिंकेज का निर्माण तथा सुदृढ़ीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद हेतु प्रमाण पत्र जारी करने तथा ट्रैसेबिलिटी सिस्टम को विकसित ,किसानों की उपज के उचित मूल्य सुनिश्चित करना,मंडियों का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन, मंडी कार्यों के प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग, मण्डी में पारदर्शी तथा निष्पक्ष नीलामी की प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं मंडी के बाहर उपज बेचने की सुविधा को विकसित करना, जिन फसलों में वायदा अनुबंधों की अनुमति है,

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

जबलपुर दिन बुधवार 16 अप्रैल 2025

दैनिक क्षितिज किरण





भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।

## दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्टपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे।

यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है।

यह धर्मनिरपेक्षता अंततः उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है। अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं।

# मोदी का नया मंत्र- देरी विकास का दुश्मन

अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है।

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी।

## पारदर्शिता सुनिश्चित करने बड़ा कदम

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा।

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्त्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोटरे को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं।

## चेन्नई के खराब प्रदर्शन से धोनी की फिटनेस पर उठ रहे सवाल

चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल की मजबूत टीम माना जाता है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 43 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं।

आईपीएल के 18वें सत्र में अब तक खेले गए मैचों में कई बातें उभर कर आई हैं। पिछले साल की तीन मजबूत टीमें चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की हालत इस बार पतली है जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन काबिलेतारीफ है। वहीं सबसे महंगे बिके विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं दिखा पा रहे हैं। आपको बता दें कि पंत को इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा है। पहले बात करते हैं चेन्नई की टीम की। यह टीम अपने घर में तीन मैच हार चुकी है। इस नाते महेन्द्र सिंह धोनी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। भारत के पूर्व कप्तान धोनी जुलाई में 44 साल के हो जाएंगे। इतनी उम्र के बावजूद वह आईपीएल में खेलना जारी रखे हुए हैं। दो साल पहले उन्होंने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी थी। युवा रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई के नए कप्तान बनाए गए। पर, मौजूदा सत्र के बीच चोटिल होने के कारण उन्हें कप्तानी छोड़नी पड़ी। फिर से धोनी के कंधों पर नेतृत्व का भार आन पड़ा है। मगर, उनकी कप्तानी में भी चेन्नई को शुक्रवार को कोलकाता से शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। पांच बार की चैम्पियन रही यह टीम अब तक 7 मैचों में से 5 हार चुकी है। शुरुआती एक मैच जीतने के बाद से धोनी के वर्चस्व वाली यह टीम लगातार पराजय का सामना कर रही है। धोनी की वजह से पीली जर्सी वाली चेन्नई टीम के प्रशंसक करोड़ों में हैं लेकिन अब उनमें निराशा का भाव जाग गया है। भारत के क्रिकेट इतिहास में आईपीएल की लोकप्रियता चरम पर है। हर साल गर्मियों में होने वाले इस टूर्नामेंट में देश की प्रतिष्ठा भले ही दांव पर न हो लेकिन खिलाड़ियों को मालामाल करने के लिए यह काफी है। आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग देश का एक ब्रांड बन चुका है। स्टेडियम में आने वाली भीड़ अपने चहेते खिलाड़ियों को चौके छक्के लगाते देखना चाहती है। चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल की मजबूत टीम माना जाता है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 43 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं। हर बार लगता है कि यह धोनी का आखिरी साल है लेकिन उनके करोड़ों प्रशंसक उन्हें रिटायर नहीं होने दे रहे। 2025 का आईपीएल उनका आखिरी है या नहीं, यह कोई नहीं बता सकता। पर, उनके निराशाजनक प्रदर्शन से रिटायरमेंट को लेकर फिर चर्चा छिड़ गई है। बल्लेबाजी के लिए धोनी का काफी नीचे आना भी सवाल खड़े करता है। जब वह सातवें या आठवें नंबर पर आते हैं तब गेंदें कम बचती हैं। ऐसे में जीत दिलाने के लिए उनकी कोशिश बेकार चली जाती है। सोमवार 14 अप्रैल को लखनऊ में खेला गया मैच चेन्नई ने अवश्य जीत लिया लेकिन अब भी अंक तालिका में धोनी की टीम आखिरी पायदान पर है।

## 'पोइला बोइशाख' बांग्ला नया साल के अलावा साल भर मनाए जाते हैं ये नववर्ष, जानें यहां

देश में मंगलवार 15 अप्रैल को बंगाली नववर्ष, 'पोइला बोइशाख' मनाया जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बांगला नववर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शुभकामनाएं दी है। देश में साल भर अलग अलग सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देते हुए अलग अलग नववर्ष मनाए जाते है। इसमें चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पड़वा, चेटी चंद, नवरेह और साजिबू चेइराओबा जैसे पारंपरिक हिंदू नव वर्ष शामिल है।

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला यह त्यौहार हिंदू नववर्ष के आरंभ का प्रतीक है। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत चैत्र माह की अमावस्या से शुरू होता है। प्रचलित मान्यता के अनुसार, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के बाद विक्रम संवत की स्थापना की थी। सबसे पुराना ज्ञात शिलालेख जिसमें विक्रम युग का उल्लेख है, 842 ई. का है। उगादी हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है और इसे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में मनाया जाता है। युगादि या उगादि शब्द संस्कृत के शब्द युग (आयु) और आदि (शुरुआत) से निकले हैं, जो एक नए युग की शुरुआत को दर्शाते हैं। पंचांग श्रवणम, अर्थात् नए वर्ष के लिए पंचांग पढ़ना, एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है।

## साइबर युग में फंसती जा रही आने वाली पीढ़ी

नृपेंद्र अभिषेक नृप

आज के समय में डिजिटल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अभिन्न अंग बन चुका है। बच्चों और किशोरों के लिए इंटरनेट केवल एक मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह उनके मानसिक विकास, सामाजिक पहचान और मूल्यों को आकार देने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह डिजिटल युग हमारे बच्चों के लिए सुरक्षित है?

क्या सोशल मीडिया कंपनियां मुनाफे की दौड़ में बच्चों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर रही हैं? हाल के वर्षो में कई घटनाओं और शोध ने इस चिंता को और प्रबल कर दिया है कि किस प्रकार सोशल मीडिया के प्रभाव से किशोरों की मानसिकता और उनके व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

फिक्की-ईवाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में डिजिटल मीडिया ने टेलीविजन को पछाड़कर मनोरंजन उद्योग में सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला माध्यम बन गया है। भारत में 40 फीसद से अधिक मोबाइल फोन उपयोग का समय सोशल मीडिया पर बिताया जाता है। यह आंकड़ा बताता है कि इंटरनेट अब न केवल संचार का साधन है, बल्कि यह बच्चों की दुनिया का एक बड़ा हिस्सा बन चुका है। किशोरों के लिए सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन गया है जहां वे अपनी पहचान बनाते हैं, दोस्त बनाते हैं और खुद को अभिव्यक्त करते हैं, लेकिन इस जुड़ाव के गंभीर परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

नेटिफ्लक्स की चार-भागों वाली डॉक्यूमेंट्री 'किशोरावस्था' ने इस मुद्दे को और गहराई से उजागर किया है। इसमें एक 13 वर्षीय लड़के द्वारा अपनी सहपाठी की हत्या की घटना को दिखाया गया है। यह एक चरम मामला हो सकता है, लेकिन इससे यह स्पष्ट होता है कि ऑनलाइन प्रभाव किस हद तक किशोर मन को प्रभावित कर सकता है। इंटरनेट पर मौजूद 'टॉक्सिक मैस्कुलिनिटी', घृणास्पद विचारधाराएं, और चरमपंथी विचारधाराएं किशोरों के मन में गहरी पैठ बना सकती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स का एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं की रुचि के अनुसार कंटेंट प्रदर्शित करता है। इस एल्गोरिदम का उद्देश्य अधिक से अधिक उपयोगकर्ताओं को प्लेटफार्म पर बनाए रखना है, भले ही इसके परिणाम किशोरों की मानसिकता पर नकारात्मक हों।

एक बार अगर कोई किशोर किसी विशेष प्रकार की सामग्री देखने लगता है, तो एल्गोरिदम उसे लगातार उसी तरह की सामग्री दिखाने लगता है।

## कला सशक्त माध्यम है दुनिया को खूबसूरत बनाने का

कला जीवन को रचनात्मक, सृजनात्मक, नवीन और आनंदमय बनाने की साधना है। कला के बिना जीवन का आनंद फीका अधूरा है। कला केवल एक भौतिक वस्तु नहीं है जिसे कोई बनाता है बल्कि यह एक भावना है जो कलाकारों और उन लोगों को खुशी और आनंद देती है जो इसकी गहराई को समझते हैं। कला अति सूक्ष्म, संवेदनशील और कोमल है, जो अपनी गति के साथ मस्तिष्क को भी कोमल और सूक्ष्म बना देती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके पीछे एक कला छिपी होती है। कला का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। इसी महत्व के लिये विश्व कला दिवस विभिन्न कलाओं का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है, जिसे दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कला संघ (आईएए) द्वारा घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय कला संघ की 17वीं आम सभा में 15 अप्रैल को इस दिवस को घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका पहला समारोह 2012 में आयोजित किया गया था। इस प्रस्ताव को तुर्की के बेदरी बैकम ने प्रायोजित किया और मैक्सिको की रोजा मारिया बुरीलो वेलास्को, फ्रांस की ऐनी पौरनी, चीन के लियू दावेई, साइप्रस के क्रिस्टोस सिमेयोनिडेस, स्वीडन के एंडर्स लिडेन, जापान के कान इरी, स्लोवाकिया के पावेल क्राल, मॉरीशस के देव चूरामुन और नॉर्वे की हिल्डे रोगनस्कॉग ने सह -हस्ताक्षर किए।

# गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़

पंकज चतुर्वेदी

भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई की प्यास बुझाने का दारोमदार जिन सात जलाशयों पर है, उनमें मार्च के चौथे हफ्ते में ही महज 37.67 प्रतिशत पानी बच रह गया। इन जलाशयों में फिलहाल 5 लाख 45 हजार 183 मिलियन लीटर पानी है।

दावा है कि यह जल बमुश्किल मई महीने तक चल पाएगा। हर दिन 400 करोड़ लीटर पेयजल की मांग वाले इस महानगर में समय से पहली आई गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ दिया है। गर्मी के कारण जलाशयों में वाष्पीकरण तेज हो गया है। इसलिए जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

देश के दूसरे संरक्षित जलाशयों के हालात भी मुंबई से बेहतर नहीं हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के अधिकांश बड़े जलाशयों में पानी उनकी कुल क्षमता के मुकाबले 45त्न तक कम हो गया है।

वहीं, मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, तीखी गर्मी यानी जमा जल का अधिक वाष्पीकरण। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है। जलाशय आरक्षित जल-कुंड हैं, जो खेती-किसानी की जान होते हैं। अभूत से कल-कारखाने भी इनके पानी पर निर्भर हैं।

पेयजल तो है ही। यदि इन जलाशयों में पानी पर वाष्पीकरण की चोट गहरी हुई तो जान लें कि रबी और खरीफ के बीच तीसरी फसल लेने वाले खेत खाली ही रहेंगे। यदि जलाशय खाली, नदी सूखी तो बहुत सी जल विद्युत परियोजनाओं का ठप होना भी तय है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली की कमी बड़े स्तर पर हाहाकार का न्योता है। संकट अकेले जलाशयों का नहीं है, नदियां भी समय से पहले सूख रही हैं। नदियों का सूखना अकेले पानी की कमी ही नहीं होता, इससे समूचे पर्यावरणीय तंत्र का नुकसान होता है। जमीन की नमी कम होने से ले कर जल-जंगल के जीव तक इससे प्रभावित होते हैं, और यह समूचा तंत्र जंगलों के नुकसान का कारण बनता है।

खून से लाल बस्तर की जीवन रेखा कहलाने वाली इंद्रावती नदी फरवरी के अंतिम हफ्ते में ही मैदान बन गई। बालाघाट की बावन थड़ी नदी हो या फिर अम्बिकापुर की बांकी नदी या बदायूं की सोत नदी, हर जगह जलधर की जगह रेत का मैदान है और लगता है कि नदी वास्तव में पानी के लिए नहीं, बल्कि बालू के लिए होती है। यह बात सीडब्ल्यूसी कह रहा है कि देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है।

इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसद पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में 34 फीसद पानी ही शेष बचा है। यह परिदृश्य भूजल के लिए सबसे बड़ा खतरा है और हमारे देश की अधिकांश ग्रामीण जल योजनाएं भूजल पर ही निर्भर हैं। बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ का ही परिणाम है कि बिहार की 90 फीसद नदियों में पानी नहीं बचा। कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि-कई-कई धाराओं में बहती थीं जो आज नदारद हैं। झारखंड की 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में दर्ज हो चुकी है। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियां नाला बना चुकी हैं। चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम घने जंगल वाले जिले हैं, जहां कुछ ही सालों में सात से 12 नदियों की जल धारा मर गई।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। अभी तक तो कम बरसात की आंशका होते ही दाल, सब्जी व अन्य उत्पादों के दाम बाजार में आसमानी हो जाते थे लेकिन अब बाजार पर सबसे अधिक असर गर्मी के आंकड़ों का है। इसके बावजूद बढ़ते तापमान के साथ पानी के इस्तेमाल की हमारी आदतें नहीं सुधर रहीं। असल में हमने पानी को ले कर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डाल कर पानी खींचना होता था या चापाकल चला कर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में भी हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बच कर, पारंपरिक जल स्त्रोतों-तालाब, कुओं, बावड़ी आदि के हालात सुधार कर, एक महीने की बारिश के साथ साल भर के पानी की कमी से जूझने की रही है। हम भूल जाते हैं कि प्रकृति पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, और इस चक्र को गतिमान बनाए रखना हमारी महती जिम्मेदारी है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे,

वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है।

तुला राशि- आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आपको अपने करियर का बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनाएंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है।

मीन राशि- आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा।



पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में अभी भले ही वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हिंसा भड़की हो, लेकिन समस्या की जड़ें कहीं पुरानी हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन राज्य की सियासत का हिस्सा बन चुके हैं, प्रशासनिक मशीनरी बार-बार फेल हो रही है और सरकारी तंत्र पीड़ितों में भरोसा नहीं पैदा कर पा रहा। यह स्थिति चिंताजनक है। सांप्रदायिक दंगे में मारे जा रहे लोगों या मारे जाने के डर से सैकड़ों लोगों को भागने पर मजबूर किए जाने पर मुख्यमंत्री की चौंकाने वाली चुप्पी हर किसी को हैरान कर रही हैं।



# आतंकी तहव्वुर राणा ने एनआईए को सौंपी अपनी 'डिमांड लिस्ट', कुरान के साथ मांगी ये चीजें

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई हमले को लेकर आतंकी तुहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ लगातार जारी है। उसके पाकिस्तानी कनेक्शन को लेकर भी तफ्तीश तेज कर दी गई है। इस बीच आतंकी राणा ने ह्रद्व हेडक्वार्टर में अपनी एक डिमांड लिस्ट रख दी है। उसने अफसरों को बताया है कि उसे जेल में क्या-क्या चाहिए।

एक रिपोर्ट के मुताबिक तहव्वुर राणा से अपील की है कि उसे कुरान, कलम और कागज जेल में उपलब्ध करवाया जाए। एक अधिकारी ने बताया है कि एनआईए हेडक्वार्टर में भी राणा पांच बार की नमाज अदा कर रहा है। उसने मांग की थी कि उसे कलम और कागज दिया जाए। अब कलम से वो खुद को नुकसान ना पहुंचा ले, इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अधिकारियों ने यह साफ कर दिया है कि तहव्वुर राणा के साथ कोई अलग व्यवहार नहीं किया जा रहा है, उसे सिर्फ एक सामान्य कैदी जितनी सुविधाएं दी जा रही हैं। अब जानकारी के लिए बता दें कि काफी संघर्ष और एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद राणा को भारत लाया गया है। अमेरिकी अदालतों में उसने कई बार अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगवाने की कोशिश की थी। लेकिन अंत में जीत भारत की हुई और अब तहव्वुर राणा को उसके गुनाहों की सजा देने की बारी है।

मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगातार पूछताछ कर रही है। शनिवार को राणा से दूसरे दिन पूछताछ की गई। वहीं, हिरासत में राणा ने 3 चीजों की मांग की है। इसमें कुरान, कागज और कलम शामिल है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि राणा के साथ कोई विशेष व्यव्हार नहीं किया जा रहा है। वहीं, मुंबई के बाद राणा अन्य शहरों में भी धमाके की योजना बना रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा कई और शहरों पर भी हमला करना चाहता था। इनमें दिल्ली, गोवा और राजस्थान का पुष्कर शामिल है। दिल्ली में भारतीय सेना के अधिकारी की पढ़ाई के लिए बना नेशनल डिफेंस कॉलेज और पहाड़गंज में स्थित चाबड़ हाउस राणा के निशाने पर था। चाबड़ हाउस को इजरायल से आने वाले पर्यटक भारत में अपना घर मानते हैं। इसके अलावा पैगंबर मोहम्मद के विवादित कार्टून छापने के लिए डेनमार्क पर भी हमला किया जाना था।

एनआईए राणा के वॉयस सैंपल ले सकती है। इससे पता लगाया जाएगा कि क्या राणा मुंबई के आतंकी हमलों के दौरान फोन पर आतंकियों को निर्देश दे रहा था या नहीं। हालांकि, वॉयस सैंपल लेने के लिए राणा की सहमति जरूरी होगी। अगर वह सहमति नहीं देता है तो एनआईए कोर्ट भी जा सकती है। अनुमति मिलने पर सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के विशेषज्ञ एनआईए मुख्यालय आकर राणा के सैंपल लेंगे। राणा ने दुबई के एक शख्स का नाम लिया, जो हमले के बारे में पहले से जानता था। कथित तौर पर राणा ने इस शख्स से मुलाकात भी की थी। एनआईए को शक है कि ये शख्स पाकिस्तान और दुबई के बीच कड़ी की तरह था। राणा ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस से संबंधों को लेकर भी खुलासे किए। राणा कई बार पाकिस्तानी सेना की वर्दी पहनकर लश्कर-ए-तैयबा और दूसरे आतंकी संगठनों के शिविरों में गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए इस मामले में एक अन्य गवाह गवाह बी को जल्द कोर्ट में पेश कर सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस गवाह ने 2006 में अन्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मुंबई यात्रा के दौरान ठहरने की व्यवस्था की थी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल के दिव्य भवन में रा%य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्य प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद एक लाभार्थी को किसान कार्ड प्रदान किया।





केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

## बिहार में चुनाव को लेकर कांग्रेस आक्रमक, राहुल और पायलट के बाद 20 अप्रैल को खड़गे भरेंगे हुंकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है. कांग्रेस ने जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष बदल दिये, रैलियां निकाली जा रही हैं. रैली में राष्ट्रीय स्तर के नेता शिरकत कर रहे हैं. युवा यात्रा को मिली अच्छी प्रतिक्रिया के बाद अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 20 अप्रैल को बक्सर और पटना में दो रैलियों को संबोधित करके बिहार में चुनावी अभियान को आगे बढ़ाएंगे. इससे पहले 17 अप्रैल को इंडिया ब्लाक की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा करेगी.

एआईसीसी पदाधिकारी के अनुसार, कांग्रेस बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आक्रामक तरीके से काम कर रही है. लेकिन, सीटों के बंटवारे को मुद्दा नहीं बनाएगी, जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है. पासी ने कहा, यह संख्या के बारे में नहीं है, लेकिन हम निश्चित रूप से उन सीटों पर जोर देंगे जहां कांग्रेस मजबूत है. पूरा ध्यान गठबंधन को बढ़ावा देने पर है. हम सभी सीटों पर जमीन तैयार कर रहे हैं. हम आने वाले दिनों में संयुक्त अभियान की भी संभावना तलाश रहे हैं. बता दें कि बिहार विधानसभा 2020 के चुनाव में कांग्रेस को राजद और वाम दलों के साथ गठबंधन के तहत 243 में से 70 सीटें मिली थीं. लेकिन वह केवल 19 सीटें ही जीत सकी थी. बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, चुनाव लड़ने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सामाजिक समीकरणों को सही करना है. अति पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को लक्ष्य बनाना है, जो कुल मतदाताओं का लगभग आधा हिस्सा हैं.

पासी ने जद-यू-भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने यात्रा के दौरान युवाओं की चिंताओं को उठाने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने उन्हें निशाना बनाया. उन्होंने कहा, लोकतंत्र में विपक्ष का कर्तव्य है कि वह लोगों की आवाज उठाए. लेकिन जब हमने ऐसा करने की कोशिश की तो हमें पुलिस बल का सामना करना पड़ा. सरकार युवाओं की चिंताओं का समाधान नहीं करती है.कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के अनुसार, विकास सूचकांकों के मामले में बिहार देश के राज्यों में 27वें स्थान पर है. उन्होंने कहा, हमें 1500 करोड़ रुपये की लागत से कौशल विकास विश्वविद्यालय बनाने का वादा किया गया था, लेकिन वह कहीं नजर नहीं आ रहा है.

**बंगाल में हिंदुओं की निर्मम हत्या हो रही है, मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल में जारी हिंसा पर लगाए आरोप**

लखनऊ ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संसोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है. पुलिस ने मर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है. इन मौतों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ममता सरकार पर निशाना साधा है.

## दलित युवक की हत्या पर भड़कीं मायावती, बोलीं- सरकार कानून का राज करे कायम

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के करछना क्षेत्र में दलित युवक की हुई हत्या पर दुख जताया है, जिसे जिंदा जला दिया गया। साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान करने की घनाओं को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इन दोनों मामलों में सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक के बाद एक दो ट्वीट कर प्रदेश में बढ़ते अपराध और सामाजिक तनाव को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने पोस्ट किया, यूपी के प्रयागराज के करछना में सामंती तत्वों द्वारा एक दलित की की गई नृशंस हत्या की घटना अति-दुखद व चिंतनीय। प्रदेश में बेलगाम हो रहे ऐसे आपराधिक, असमाजिक व सामंती तत्वों के खिलाफ सरकार जरूर सख्त कार्रवाई करके कानून के राज को कायम करे।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा, साथ ही, संविधान निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनादर की घटनाओं को भी सरकार पूरी गंभीरता से लेकर समाज में तनाव एवं हिंसा पैदा करने वाले ऐसे गुनहगारों के विरुद्ध सरकार सख्त कार्रवाई करे,



भारत के सुरक्षा और विध्वंस विशेषज्ञ इंजीनियरों की एक टीम नेपीताव और मांडले में भूकंप से प्रभावित कई स्थलों के निरीक्षण के बाद, इरावदी नदी पर पुराने अवा रेलवे पुल की संरचनात्मक अखंडता का आकलन करने में म्यांमार के अधिकारियों की सहायता की।

## राजमार्गों पर दो वर्षों में सरकार खर्च करेगी 10 लाख करोड़, पूर्वोत्तर पर खास ध्यान

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार अगले 2 साल में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ये बात कही है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत सीमा से नजदीकी देखते हुए देश के पूर्वोत्तर इलाकों पर खास ध्यान दिया जाएगा और 2 सालों में वहां के राजमार्ग अमेरिकी राजमार्गों के अनुरूप होंगे।

गडकरी ने कहा, हम अगले 2 साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले 2 वर्षों में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमा से नजदीकी देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जरूरत है।

मंत्री गडकरी ने बताया कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

## तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ में दाऊद कनेक्शन के मिले संकेत

नईदिल्ली (आरएनएस)।26/11 मुंबई हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा से दिल्ली स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुख्यालय में पूछताछ हो रही है. एनआईए हिरासत में तहव्वुर का रविवार को तीसरा दिन है.अब एनआईए डॉन दाऊद इब्राहिम से रिश्तों के तार खंगाल रही है. इस मामले में जांचकर्ता राणा से पूछताछ कर रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार, एनआईए, तहव्वुर राणा के फोन पर हुई बातचीत का रिकॉर्ड खंगाल रही है. इसमें उसकी अधिकांश बातचीत डेविड हेडली से संग हुई है. केंद्रीय जांचकर्ताओं को इस बाद का संदेह है कि फोन पर बातचीत में दाऊद की संलिप्तता के संकेत प्राप्त हुए हैं.

एनआईए का अनुमान है कि मुंबई हमलों की योजना 2005 से तैयार हो रही थी. राणा भी उस योजना का हिस्सा था. हेडली की उसके साथ फोन पर हुई बातचीत को खंगाला जा रहा है. इस जानकारी को एक स्रोत में एकत्रित करने की कोशिश हो रही है. एनआईए स्पष्ट रूप से जानने का प्रयास कर रही है कि मुंबई हमलों की योजना के पीछे कौन बड़ा सरगना था?

राणा से पूछताछ में दुबई के एक शख्स का नाम सामने आया है. इससे हेडली के अनुरोध पर राणा से मुलाकात की थी. जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस शख्स को मुंबई हमलों के बारे में पता था. उसके दाऊद या उसकी डी-कंपनी से रिश्ते हो सकते हैं. उस दिशा में जांच हो रही है. एनआईए का ऐसा दावा है कि राणा का कनेक्शन आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से थे. इसकी जांच हो रही है कि क्या राणा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था? इस मामले की जांच को लेकर आवाज के नमूने को एकत्र किया गया है.

## गर्मी से फिर तपेगा दिल्ली-एनसीआर, अगले हफ्ते से चलेगी लू; आईएमडी का ताजा अपडेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में शुक्रवार शाम को तेज आंधी और वर्षा के कारण शनिवार को तापमान सामान्य से नीचे आ गया. इस वजह से गर्मी से राहत रही. राजधानी के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में शनिवार को कमी दर्ज की गई. दिन भर आंशिक रूप से बादल छाए रहे और सुबह कुछ स्थानों पर मामूली बारिश दर्ज की गई. हालांकि दिन में कहीं बारिश नहीं हुई. आईएमडी के अनुसार दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम था. वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को आसमान साफ रहेगा. 30 से 40 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी. इस दौरान अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है.



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में बवेरिया के मंत्री-राष्ट्रपति मार्कस सेडर से मुलाकात कर भारत-जर्मनी और यूरोपीय संघ के सहयोग को आगे बढ़ाने में बवेरिया की भूमिका पर चर्चा की।





भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फिल्म फोरेंसिक पर संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

## जोधपुर से गूंजा सियासी हमला : गजेंद्र शेखावत ने ममता सरकार को बताया वोट बैंक की राजनीति में लिप्त

जोधपुर (आरएनएस)। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को जोधपुर प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

शेखावत ने बंगाल में हाल के दिनों में हुई हिंसक घटनाओं को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की चुप्पी और कथित निष्क्रियता की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बंगाल की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार देते हुए कहा कि ममता बनर्जी की सरकार केवल अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण में लगी है।

शेखावत ने कहा, राजनीतिक संरक्षण और वोट बैंक की राजनीति के चलते बंगाल में जो स्थिति बनी है, वह बेहद चिंताजनक है। रामनवमी के उत्सव के दौरान और उसके बाद लगातार बहुसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमले की खबरें सामने आई हैं। धार्मिक आधार पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं और महिलाओं व लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सबके बावजूद ममता बनर्जी की सरकार खामोश है और केवल अपने वोटों को साधने में व्यस्त है। केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की स्थिति को आजादी के समय हुए बंगाल विभाजन की याद दिलाने वाला बताया। उन्होंने कहा, जिस तरह का माहौल आज बंगाल में बन रहा है, वह उस दौर की याद दिलाता है जब बंगाल विभाजन के समय भयावह परिस्थितियां थीं। ममता सरकार ने बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को हिंसा और अराजकता के बीच छोड़ दिया है। यह केवल सत्ता की राजनीति और वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश है। शेखावत ने इस दौरान आगामी चुनावों का जिक्र करते हुए विश्वास जताया कि बंगाल की जनता अब जागरूक हो रही है। उन्होंने कहा, जिस तरह से चेतना का प्रसार हो रहा है, मुझे विश्वास है कि बंगाल की जनता आने वाले चुनावों में इस गुंडागर्दी और कुशासन से मुक्ति पाएगी। लोग अब इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और बदलाव की मांग कर रहे हैं। जोधपुर प्रवास के दौरान शेखावत ने स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जोधपुर को पर्यटन के क्षेत्र में और मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से केंद्र की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।



ये है मोहब्बतें की अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी, जिन्हें उनके अभिनय कौशल के लिए प्यार और प्रशंसा मिली है, वर्तमान में डेंगू से पीड़ित हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (इंस्टाग्राम) पर थर्मामीटर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें बीमारी की पुष्टि हुई। इसने न केवल प्रशंसकों को चिंतित किया, बल्कि उनके स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने अभिनेत्री से अनुरोध किया कि वे अपना ख्याल रखें और उन्हें इस बारे में जानकारी देते रहें।



# मल्लिका शेरावत ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस ने की खूबसूरती और फिटनेस की तारीफ



बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस दीवाने हो रहे हैं. इन तस्वीरों में मल्लिका का ग्लैमरस अंदाज और उनकी फिटनेस साफ झलक रही है. मल्लिका ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, साहसी, अडिग एवं संभावनाओं से भरपूर , जिससे उनके आत्मविश्वास और पॉजिटिव एनर्जी का अंदाजा लगाया जा सकता है. उनकी इस पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक फैन ने कमेंट में लिखा, मैं तब जलता हूं जब कोई खुद को आपसे बड़ा फैन बताता है. मेरे लिए सिर्फ एक ही गॉडेस हैं और वह हैं मल्लिका शेरावत .

वर्कफ्रंट की बात करें तो मल्लिका शेरावत लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं.

**अजय देवगन ने धमाल 4 को लेकर दिया बड़ा अपडेट, पहला शेड्यूल पूरा और दूसरा शुरू, दिखी फिल्म की स्टार कास्ट की झलक**

कॉमेडी फिल्म फ्रैंचाइज धमाल की चौथी किस्त का ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गया है. बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन ने रेड 2 के बाद अपनी अगली फिल्म धमाल 4 की शूटिंग शुरू कर दी है. अजय देवगन ने फिल्म के शेड्यूल और स्टार कास्ट के बारे में जानकारी देते हुए तस्वीरें शेयर की हैं. फिल्म में नए सितारे शामिल हुए हैं. अजय देवगन ने अपनी आगामी फिल्म रेड 2 के लिए कमर कस लिए हैं. कुछ दिन पहले ही फिल्म का शानदार ट्रेलर रिलीज किया गया था. यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. रेड 2 के बाद अजय देवगन ने अपने आगामी प्रोजेक्ट धमाल 4 का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया है. अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर धमाल 4 के स्टार कास्ट, शूटिंग शेड्यूल के बारे में डिटेल साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, पागलपन वापस आ गया है. धमाल 4 की धमाकेदार शुरुआत हुई. मालशेज घाट का शेड्यूल पूरा, मुंबई शेड्यूल शुरू.

### चिरंजीवी के फैंस को मिला तोहफा, विश्वंभरा का पहला गाना रामा रामा जारी

चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विश्वंभरा को लेकर भी सुर्खियों में हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है, जिसे दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। मेगास्टार चिरंजीवी की विश्वंभरा अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। वहीं, अब दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना जारी कर दिया है। दरअसल, विश्वंभरा अपने तय समय से पीछे चल रही है। टीजर को दर्शकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, जिसके बाद से टीम ने वीएफएक्स पर दोबारा काम काम करना शुरू किया। हालांकि, अब दर्शकों को खुश करने के लिए फिल्म का पहला गाना रामा रामा आज हनुमान जयंती के विशेष अवसर पर जारी किया

# छोटी-छोटी चीजें मायने रखती हैं, इन्हीं में खुशियां तलाश लेती हैं कृतिका कामरा



अभिनेत्री कृतिका कामरा खुद को यर्थाथवादी मानती हैं। एक्ट्रेस के अनुसार वो छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढ लेती हैं।

कृतिका की जिंदगी पर कोई फिल्म बने, तो उसका शीर्षक क्या होगा? इस सवाल पर उन्होंने कहा, थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है। मुझे लगता है कि यह मेरी जिंदगी की कहानी है। मैं यथार्थवादी हूं और मेरे लिए खुशी छोटी-छोटी चीजों में है। मेरे पास जो कुछ भी है, मैं उसके लिए आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, जीवन एक यात्रा है और अब तक की मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है। कृतिका को शो कितनी मोहब्बत है में आरोही शर्मा का किरदार निभाकर सुर्खियां मिलीं। इसके बाद उन्हें कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्ट्स और प्रेम या पहेली - चंद्रकांता जैसे शो में देखा गया। इसके अलावा, अभिनेत्री ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 7 में भी भाग लिया है और तांडव और बंबई मेरी जान जैसी श्रृंखलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में रिलीज हुई मित्रों से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उनके पास एक और प्रोजेक्ट है। वह प्रतीक गांधी के साथ फॉर योर आईज ओनली में भी हैं। इस बारे में बात करते हुए कि उन्हें कौन सा किरदार निभाना मुश्किल लगता है- खुद से बिल्कुल अलग किरदार या फिर खुद से मिलता-जुलता किरदार। इस पर कृतिका ने बताया, एक आदर्श किरदार वह होता है जिसमें ऐसे गुण और भावनाएं हों जिससे आप कनेक्ट कर सकें,

### सिकंदर हुआ बेदम, जाट का भी क्रेज कम, बॉक्स ऑफिस पर मोर्चा मार गई फिल्म गुड बैड अग्ली

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर आज अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे करने जा रही है. सिकंदर ने की 13 दिनों की कमाई का पूरा आंकड़ा सामने आ चुका है. सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर स्लो साबित हुई और पहले दिन से ही फिल्म की कमाई लगातार नीचे गिर रही है. सिकंदर की कमाई अब करोड़ों से लाख रुपये में आ चुकी है. वहीं, दूसरी तरफ सनी देओल की फिल्म जाट के बॉक्स ऑफिस पर आते ही सिकंदर को धूमिल हो गई है. जाट ने 10 करोड़ रुपये से भी ज्यादा से ओपनिंग ली और दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आ रही है. जाट के साथ तमिल फिल्म गुड बैड अग्ली भी रिलीज हुई, जो कमाई में आगे चल रही है. आइए जानते हैं जाट ने दूसरे दिन और सिकंदर ने 13वें दिन कितना कलेक्शन किया है और गुड बैड अग्ली की कमाई कहां तक पहुंची है. सलमान खान की सिकंदर वो कमाल नहीं कर सकी, जो उससे उम्मीद की गई थी. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म ने 12वें दिन 0.7 करोड़ रुपये कमाए थे और फिल्म की कमाई 48 फीसदी तक नीचे गिर गई थी और अब 13वें दिन सिकंदर ने 0.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ भारत में सिकंदर का कलेक्शन 108.115 करोड़ रुपये हो गया है. ऑफिशियली 11.08 करोड़ रुपये से खाता खोलने वाली सनी देओल की मास एक्शन फिल्म जाट की दूसरे दिन की कमाई में बड़ी गिरावट देखने को मिली है. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म जाट ने दूसरे दिन 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. सैकनिल्क के अनुसार फिल्म ने पहले दिन 9.5 करोड़ रुपये और दूसरे दिन 7 करोड़ रुपये (अनुमानित) कमाए हैं. ऐसे में फिल्म जाट का भारत में कुल कलेक्शन 16.96 करोड़ रुपये हो गया है. दूसरे दिन फिल्म जाट की कमाई में 26.32 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है. इधर, जाट और सिकंदर के बीच तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली ने बॉक्स ऑफिस पर मोर्चा मार लिया है. गुड बैड अग्ली ने ऑफिशियली 30.9 करोड़ रुपये से खाता खोला. गुड बैड अग्ली अजित कुमार की बिगेस्ट ओपनिंग फिल्म बन गई है. सैकनिल्क के अनुसार, गुड बैड अग्ली ने पहले दिन 29.25 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 13.9 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 1.62 करोड़ रुपये कमाए है

# रजत कपूर की हॉरर सीरीज खौफ का ट्रेलर जारी, डर और सस्पेंस से भरपूर कहानी ने उड़ाए फैंस के होश

रजत कपूर, मोनिका पंवार स्टारर अपकमिंग हॉरर सीरीज खौफ का ट्रेलर निर्माताओं ने जारी कर दिया है। नाम की तरह ट्रेलर भी सीरीज के काफी डरावना होने की ओर इशारा करता है जहां मोनिका पंवार के कमरा नंबर 333 में खौफ ही खौफ देखने को मिला है।

2 मिनट 17 सेकंड के ट्रेलर में दिखता है कि मधु आंखों में सपने लेकर नए शहर में रहने के लिए आती है और काफी दिक्कतों के बाद उसे एक हॉस्टल का एक ऐसा कमरा रहने के लिए मिलता है, जो रहस्यों और डर से भरा है। कमरा नंबर 333 में वह ठहरती है। लेकिन वह इस जगह के इतिहास और छिपे हुए रहस्यों से अनजान है। रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर में खौफ की दास्तान दिखाने की निर्माताओं ने भरसक कोशिश की है और वह सफल भी रहे हैं।

खौफ में अभिनेत्री मोनिका पंवार मुख्य किरदार 'मधू' के रूप में नजर आएंगी। पंवार ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया, मेरी भूमिका दिलचस्प है, जिसे निभाना मेरे लिए भावनाओं से भरे उतार-चढ़ाव के साथ चुनौतीपूर्ण रहा। मैचबॉक्स शॉट्स ने खौफ की डरावनी दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आठ एपिसोड में बनी इस सीरीज में मोनिका पंवार, रजत कपूर के साथ चुम दरांग, अभिषेक चौहान, गीतांजलि कुलकर्णी और शिल्पा शुक्ला भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज का निर्माण करने के साथ ही इसकी कहानी को भी स्मिता सिंह ने ही लिखा है। मैचबॉक्स शॉट्स के बैनर तले बनी सीरीज का निर्देशन पंकज कुमार और सूर्या बालकृष्णन ने किया है। निर्देशक पंकज कुमार ने बताया कि यह सीरीज सस्पेंस और हॉरर ड्रामा से कहीं बढ़कर है। उन्होंने बताया, खौफ का निर्देशन करना रचनात्मक रूप से संतुष्टिदायक यात्रा रही है। यह सीरीज एक सस्पेंस हॉरर ड्रामा से कहीं बढ़कर है। मैं न केवल कुछ ऐसा बनाना चाहता था जो लोगों को डराए, बल्कि लंबे समय तक बना रहे। 'खौफ' का प्रीमियर 18 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर होगा।

**अजय देवगन की रेड 2 का पहला गाना नशा जारी, जबरदस्त डांस करती दिखीं तमन्ना भाटिया**

काफी समय से अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है।

इस फिल्म में अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख भी फिल्म का हिस्सा हैं।

फिल्म का ट्रेलर पहले ही सामने आ चुका है, वहीं अब निर्माताओं ने रेड 2 का पहला गाना नशा जारी कर दिया है।

गाने में तमन्ना भाटिया जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। नशा गाने को जैस्मिन सैंडलास, सचेत टंडन, दिव्या कुमार और सुमोंथो मुखर्जी ने मिलकर गाया है, वहीं इसके बोल जानी ने लिखे हैं।

### सलमान खान और संजय दत्त की नई फिल्म गंगा राम का ऐलान, धमाकेदार एक्शन से भरी होगी कहानी!

पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि सलमान खान और संजय दत्त ने एक एक्शन फिल्म के लिए फिर से हाथ मिलाया है। हाल ही में फिल्म सिकंदर की रिलीज से पहले सलमान ने खुद बताया कि वह एक बार फिर संजू बाबा के साथ एक एक्शन फिल्म में काम करने वाले हैं।

आखिरकार अब संजय और सलमान की फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। आइए बताते हैं इस फिल्म का निर्देशन कौन करने वाला है।

रिपोर्ट के अनुसार, संजय और सलमान की फिल्म का नाम गंगा राम रखा गया है। इस फिल्म का निर्देशन कृष अहीर करने वाले हैं।

खास बात यह है कि वह फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। गंगा राम की शूटिंग इस साल जून या जुलाई में शुरू हो जाएगी और यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पेट को आराम दे सकती हैं ये चीजें, पाचन की समस्याओं से दिला सकती हैं राहत

पेट की समस्याएं अक्सर गलत खान-पान या अस्वस्थ आदतों के कारण होती हैं। कई लोग पेट की समस्याओं से राहत पाने के लिए महंगे और असरदार दवाइयों का सहारा लेते हैं।

हालांकि, कुछ सरल और प्रभावी घरेलू उपाय भी हैं, जिनसे आप अपने पेट को आराम दे सकते हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आम खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जो आपके पेट को आराम देने में मदद कर सकते हैं।

अदरक-अदरक एक प्राकृतिक औषधि है, जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकती है। इसमें सूजन और गैस्ट्रिक समस्याओं को कम करने वाले गुण होते हैं। अदरक का सेवन चाय या सलाद में किया जा सकता है। अदरक की चाय बनाकर पीना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। अदरक का सेवन करने से आपके पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलती है और आप ताजगी महसूस करते हैं।

दही-दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो पेट की अच्छी बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं और पाचन क्रिया को सुधारते हैं। यह आपके आंत को स्वस्थ रखता है।

रोजाना एक कटोरी दही खाने से आपके पाचन तंत्र को मजबूती मिलती है और आप हल्का महसूस करते हैं।



दही का सेवन सलाद या सीधे भी किया जा सकता है। इसे आप अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं।

केले- केला एक ऐसा फल है, जो आसानी से पच जाता है और इसमें पोटाशियम होता है, जो शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित रखता है।

यह दस्त या कब्ज की समस्या वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। केले का सेवन सुबह-सुबह खाली पेट किया जा सकता है या इसे अपने नाश्ते में शामिल किया जा सकता है।

इसके अलावा आप केले का रस भी बना सकते हैं, जिससे आपको ऊर्जा मिलेगी और पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलेगी।

ओट्स

ओट्स फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। यह कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है और पेट को आराम देता है।

ओट्स का सेवन सुबह के नाश्ते में किया जा सकता है या इसे रातभर पानी या दूध में भिगोकर खाया जा सकता है।

इसके अलावा ओट्स का हलवा या खीर बनाकर भी खाया जा सकता है, जिससे आपको भरपूर ऊर्जा मिलेगी।

पपीता- पपीता में एक खास एंजाइम होता है, जो प्रोटीन पाचन में मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है।

पपीते का सेवन सलाद या सीधे किया जा सकता है। पपीते का रस भी बनाया जा सकता है, जिसे सुबह-सुबह पीना फायदेमंद होता है।

इन सभी खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपने पेट को आराम दे सकते हैं और कई समस्याओं से बच सकते हैं।

# गर्मियों के दौरान पहनें ये 5 हल्की-फुल्की साड़ियां, लगेंगी बहुत खूबसूरत



गर्मियों में ऐसी साड़ी पहनना अच्छा है, जो हल्की-फुल्की और आरामदायक हो। इससे न केवल ठंडक मिलेगी, बल्कि आप पूरे दिन तरोताजा भी महसूस करेंगी।

बाजार में कई प्रकार की हल्की साड़ियां उपलब्ध हैं, लेकिन हम आपको ऐसी साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं।

इन साड़ियों को आप रोजमर्रा के उपयोग से लेकर खास मौकों तक पहन सकती हैं।

सूती साड़ियां

सूती साड़ियां गर्मियों के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। ये न केवल हल्की होती हैं, बल्कि इन्हें धोना और सुखाना भी आसान होता है।

सूती साड़ियों की खासियत यह है कि ये त्वचा को हवा लगने देती हैं और पसीना सोखती हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करती हैं।

बाजार में कई प्रकार की डिजाइन और रंगों में सूती साड़ियां मिलती हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और अवसर के अनुसार चुन सकती हैं।

लिनन साड़ियां

लिनन की साड़ियां भी गर्मियों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती हैं।

लिनन कपड़ा बहुत ही हल्का और आरामदायक होता है, जो आपको पूरे दिन ताजगी का एहसास दिलाता है।

लिनन की साड़ियों का कपड़ा भी बहुत सुंदर होता है, जिससे आपका पहनावा खास बनता है। इन साड़ियों को आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं, चाहे वह रोजमर्रा का हो या कोई खास मौका।

लिनन की साड़ियां पहनकर आप हमेशा स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करेंगी।

चंदेरी सिल्क साड़ियां

चंदेरी सिल्क की साड़ियां भी गर्मियों में पहनने के लिए उपयुक्त होती हैं।

ये साड़ियां हल्की-फुल्की होने के साथ-साथ बहुत ही सुंदर दिखती हैं। चंदेरी सिल्क कपड़े पर हल्की चमक होती है, जो इसे खास बनाती है। इन साड़ियों को आप शादी-ब्याह या किसी खास मौके पर पहन सकती हैं।

चंदेरी सिल्क की साड़ियों का रंग और डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है, जिससे आपका पहनावा और भी खास बनता है।

जॉर्जेट साड़ियां

जॉर्जेट कपड़े की साड़ियां भी गर्मियों में आरामदायक होती हैं और इन्हें पहनना आसान होता है। जॉर्जेट कपड़े की पतली परतें होती हैं, जो हवा पास आने देती हैं और पसीना सोखती हैं। इन साड़ियों का कपड़ा भी बहुत सुंदर होता है, जिससे आपका पहनावा खास बनता है। जॉर्जेट की साड़ियों को आप रोजमर्रा के उपयोग या किसी खास मौके पर पहन सकती हैं। इन साड़ियों का रंग और डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है।

## शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | थि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना गढ़ा में रात में सुशील झारिया उम्र 41 वर्ष निवासी काजी मोहल्ला छोटी बजरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज रात लगभग 00-10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी शाहिद शाह अपने भाई राशिद शाह के साथ आकर बोला कि शराब पीने के लिये एक हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर शाहिद शाह ने डंडा से हमलाकर मुंह दांत होठ तथा वायें कान के पास चोट पहुँचा दी उसका भाई प्रमोद झारिया एवं गनेश झारिया बीच बचाव करने आये



# पश्चिम मध्य रेलवे में मनाया गया बाबा साहेब का 135वां जन्म दिवस, तीनों मंडलों, कारखानों में दी पुष्पांजलि






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। . संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है. इसी कड़ी में संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्म दिवस मनाया गया. मुख्य समारोह पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में दिनांक 15 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया. इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये. साथ ही वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य विद्युत् इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीण खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निर्देशक डॉ. श्याम सुन्दर एवं उपमहाप्रबंधक श्री अनुराग पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भी डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये.

श्रीमती सुजाता इंगले एवं अन्य द्वारा बौद्ध वंदना प्रस्तुत की गई तदोपरांत मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री एस. डी. पाटीदार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी/कल्याण श्री अभय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया.

**अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय करेंगे श्रीमद् भागवत कथा का वाचन**

## श्री शिव समाराधन महायज्ञ 1 मई से




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 मई तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजनि कया जा रहा है। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज जी ने बताया कि महायज्ञ के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन होगा। वृंदावन धाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। विधायक अजय विश्नोई, बलराम सिंह यादव, पं. हरकृष्ण पचौरी, सर्वेश पटेल, पं. श्याम मनोहर पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, नवनीत माहेश्वरी, राम विनय करसोलिया, पं. देवदत्त पचौरी, ओमनारायण पचौरी, सचिन गुरु, गौरीशंकर तिवारी, ब्रजेश बादल, आनंद मोहन पलहा, मनोज पटेल, रविमोहन श्रोत्री आदि ने श्रद्धालुओं से अधिक से संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## महाभारत कथा कृति का विमोचन एवं धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन 19 को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाथेय, मनीषा एवं सुप्रभातम संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ लेखक, अधिवक्ता डॉ. कृष्णकुमार दुबे द्वारा सृजित महाभारत कथा- इतिहास के झरोखे से का विमोचन एवं कामना नायक द्वारा निर्देशित धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन 19 अप्रैल 2025 को सायं 7 बजे से शहीद स्मारक सभागार में आयोजित है। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी. गौतम पूर्व कुलपति होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ठ अतिथि दिनेश गर्ग, जगदीश दीक्षित एवं पुरूषोत्तम तिवारी होंगे। सुशांत दुबे,अभय जैन, मनीषा चौबे, आलोक पाठक ने साहित्य एवं कला अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## एक राष्ट्र एक चुनाव के अवधारणा के संबंध में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशी में स्वीकृति प्रदान की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने बताया कि ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के अवधारणा हमारे यशसवे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री के ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' का विचार पूरे देश में एक चुनाव कराने से है, जिसमें पूरे भारत वर्ष में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ होगें। ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के अवधारणा से समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चो में बचत हो सके एवं विकास कार्यो में निरंतरता मिलेगी। इस अवधारणा से मतदाताओं के लिये सुविधा और आसानी होगी है एवं मतदाता थकान से बचेगें व आर्थिक स्थिरता और विकास कार्यो में वृद्धि होगी, शासन के लिये अधिक समय की उपलब्धता होगी, इससे सरकार के खजाने पर भी अधिक बोझ नहीं पड़ेगा साथ ही सरकारी कर्मचारियों की आवश्यकता एक बार ही होगी इससे उनके सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा। इसी परिपेक्ष्य में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज द्वारा पत्र आयुक्त को प्रेषित कर सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की।

## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 12 प्रकरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 15 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 1, अतिक्रमण की 1, जलप्रदाय की 2, स्वास्थ्य की 4, स्थापना की 1, भवन/कॉलोनी सेल की 1 एवं 2 लोककर्म विभाग से संबंधित कुल 12 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर अयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## जलप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने नाला-नालियों, की नियमित रूप से कराई जा रही है सफाई

**बड़े नालों की सफाई के लिए मशीनरी संशाधनों को भी लगाया गया**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार नाला नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर सफाई कराई जा रही है। बड़े नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके।

उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल के निर्देशानुसार नगर निगम शहर के बड़े नालों की सफ़ाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा वर्ष पूर्व बड़े नालों की सफ़ाई कार्य को गंभीरता से किए जाने हेतु पूर्व में ही बैठक लेकर प्लानिंग तैयार करने हेतु मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग वाहन शाखा को दिये थे जिसके बाद नगर निगम और प्राइवेट मशीने मिलकर 5 नग 200 हिटाची मशीने, 05 नग 100 हिटाची मशीने और 2 नग 70 हिटाची मशीने लगाकर सफाई कार्य करवाया जा रहा है। शहर के बड़े नाले ओमती नाला, मोतीनाला, उरदाना नाला, खंदारी नाला के साथ-साथ छोटे, मझले एवं समस्त नालों में सफ़ाई कार्य वर्षा पूर्व पूर्ण करवा लिए जाएगे, जिससें आम जानता को जल प्लावन जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**डिनर में स्वादिष्ट बांग्ला व्यंजन,दादा दादी ,नाना, नानी ,पोते, पोती ने फैंसी ड्रेस में लिया भाग, पुस्तक का विमोचन , तंबोला खेल में सभी ने भाग लेकर पुराने साल को दी बिदाई**

## बांग्ला नववर्ष 1432 के उपलक्ष्य में सिटी बंगाली क्लब में दो दिवसीय आयोजन प्रारंभ




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बंग भाषियों की प्राचीन और प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब में बांग्ला नव वर्ष 1432 के अवसर पर 14 अप्रैल को बीते वर्ष को बिदाई देते हुए वर्षों बिदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी बंगभाषी एकत्र होकर बांग्ला व्यंजन का लुफ्त उठाते हुए विविध आयोजन में भाग लिया जिसमें दादा,दादी,नाना,नानी पोते, पोती, नाती,नाटन द्वारा फैंसी ड्रेस में भाग लिया तीन पीढ़ियों का समागम को सभी ने सराहा ।

इस अवसर पर श्रीमती मोयना प्रधान द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया । साथ ही सभी ने क्विज, ओर तंबोला गेम में भाग लेकर बीते वर्ष को विदाई देते हुए वर्षों बिदाई कार्यकम में भाग लिया।

बांग्ला नववर्ष 1432 के उपलक्ष्य में आज 15 अप्रैल को सांय 7 बजे से शहीद स्मारक रंगमंच में सम्मान समारोह ओर कोलकाता से आ रहे प्रसिद्ध कवि सुमंत सेनगुप्ता बांग्ला कविता का पाठ करेंगे साथ ही सभी को नववर्ष की मिठाई वितरित कर मुंह मीठा कराया जायेगा।

सभी बंगभाषियों को इसमें आमंत्रित किया गया है ।

वर्षों बिदाई कार्यक्रम में अध्यक्ष सुब्रत पाल , सचिव प्रकाश साहा, प्रोफेसर गायत्री सिन्हा, संजय नागरकर, श्यामल मुखर्जी , डी के रॉय, सुरजीत गुहा, आशीष घोष, अनुराग पाल , आशीष सेन, अभिजीत घोष , नीलाद्री चैटर्जी, चंदन कारफॉमा ,विश्वजीत घोष , आई बी रुद्रा, विजय भट्टाचार्य, संगीता भद्रा, मृत्युंजय पाल, सौरभ सोम की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित और स्वागत गीत , संस्था के शताब्दी गीत से हुआ ।

## डॉ.बाबासाहब भीमराव अंबेडकर भारत रत्न, प्रथम कानून मंत्री, संविधान निर्माता को पुष्पमाला अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मदार टेकरी ठक्करग्राम वार्ड स्थित प्रतिमा स्थल डॉ.बाबासाहब भीमराव अंबेडकर भारत रत्न, प्रथम कानून मंत्री, संविधान निर्माता को पुष्पमाला अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा पूर्व विधायक श्री अंचल सोनकर, पार्षद राम सोनकर एमआईसी, तिलक मंडल अध्यक्ष ऋषि सोनकर, विकास चौधरी, शरद लोधी, राजेश शास्त्री, सनी चौधरी, हरि साहू,विजय अहिरवार, कमलेश गुप्ता, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम सतनामी ने किया, पार्षद राम सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा,संगठन और संघर्ष जैसे शब्दों को वास्तविक करने का समय है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रहीं।


**नए होम कूलिंग पेंट्स के साथ अब गर्मी को कहिए अलविदा**

## बर्जर पेंट्स ने लॉन्च की 'गर्मी गॉन, ठंडक ऑन' पहल

भोपाल आरएनएस- बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड, जो देश की दूसरी सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ रही पेंट कंपनी है, ने अपने नए होम कूलिंग पेंट्स लॉन्च किए हैं। इनमें वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल पेंट्स शामिल हैं। कंपनी ने गर्मी और तापमान में लगातार बढ़ोतरी को ध्?यान में रखते हुए ये पेंट्स बनाए हैं। लोगों को घर को ठंडा रखने के लिए अच्छे और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों की जरूरत है। ये पेंट्स घर को ठंडा रखने में मदद करते हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना आरामदायक माहौल प्रदान करते हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बेहद गंभीर हो रहे हैं। इससे शहरों में अर्बन हीट आइलैंड की समस्या बढ़ रही है, जहाँ ज्यादा आबादी, कंक्रीट की इमारतें और कम पेड़-पौधों की वजह से तापमान बहुत ज्यादा रहता है। इसके कारण लोग घर को ठंडा रखने के लिए एयर कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे बिजली की खपत और बिल दोनों ही तेजी से बढ़ रहे हैं। साथ ही, बिजली की ज्यादा माँग से न सिर्फ पॉवर ग्रिड पर दबाव पड़ता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। बढ़ते तापमान से निपटने के लिए घर को ठंडा रखने वाले ड्यूरेबल प्रोडक्ट्स बहुत जरूरी हो गए हैं,


## लॉ प्रेप ट्यूटोरियल की आयोजित हुई पहली युवा संसद - एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा



जबलपुर में स्थापित लॉ प्रेप ट्यूटोरियल ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर पहली बार युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया । युवा संसद का जो मुख्य विषय रहा (अभिव्यक्ति को विनियमित करना या असहमति को दबाना ?) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राजनीतिक जागरूकता, सार्वजनिक भाषण का कौशल और नेतृत्व गुणो को बढ़ावा देना । युवा संसद के कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री देवादित्य सिंह जी रहे । जिन्होंने व्यवहारिक अवलोकन और युवाओं की बहुमूल्य प्रतिक्रियाओं का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर के अतिरिक्त पुलिस (एएसपी) श्री सूर्यकांत शर्मा जी रहे। जिन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया, और निर्णय लेने वाले मंच में युवाओं की भागीदारी के महत्त्व पर जोर दिया जो एक सराहनीय पहल है।इस कार्यक्रम में (एएसपी) श्री सूर्यकांत शर्मा , देवादित्य सिंह ,डॉ. ऐश्योर्य शर्मा , ड्रॉ. शिवांगी शर्मा , ड्रॉ. प्रकाश मिश्रा, अभिनेष पटेल जी के साथ प्रतियोगिता के वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

## रिमेडियम लाइफकेर ने 49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

मुबंई (आरएनएस) फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड 539561 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार—को आगे बढ़ा सकेगी।

रिकॉर्ड डेट॰ मंगलवार, 15 अप्रैल 2025 इश्यू साइज॰ ?4,919.04 लाख (यदि पूरी तरह सब्सक्राइब किया जाए)

प्रति शेयर मूल्य॰ ?1.00 प्रति शेयर कुल शेयर॰ 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता किए गए इक्विटी शेयर (?1 मूल्य के) राइट्स रेशियो॰ रिकॉर्ड डेट तक आपके पास जितने भी पूरी तरह चुकता किए गए 50 शेयर हैं, उनके बदले में आपको 61 राइट्स शेयर मिलेंगे उद्देश्य॰ वर्किंग केपिटल की ज़रूरतें, ॠष्ठ (अनुसंधान एवं विकास) के लिए उपकरण, और विस्तार कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा, की यह मंजूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में रात में सुशील झारिया उम्र 41 वर्ष निवासी काजी मोहल्ला छोटी बजरिया ने रिपोर्ट् दर्ज कराई कि आज रात लगभग 00-10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी शाहिद शाह अपने भाई राशिद शाह के साथ आकर बोला कि शराब पीने के लिये एक हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर शाहिद शाह ने डंडा से हमलाकर मुंह दांत होठ तथा वायें कान के पास चोट पहुॅचा दी



# गाजी नगर में देर रात लगी भीषण आग, चपेट में आया ट्रक धू-धू कर जला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित गाजीनगर झुग्गी बस्ती में देर रात उस वक्त अफरातफरी मच गई. जब कचरे के ढेर में लगी आग ने विकराल रुप धारण कर लिया. कचरे में लगी आग की चपेट में आकर एक ट्रक धू-धू कर जल गया. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया.

बताया गया है कि लेमा गार्डन एक व एच ब्लाक के पास अस्थाई कचरा घर बना दिया गया है. जहां पर आसपास क्षेत्र के लोगों द्वारा कचरा फेंका जाता है. बीती देर रात असामाजिक तत्वों ने कचरे के ढेर में आग लगा दी. कचरे के ढेर में लगी आग ने कुछ ही पल में विकराल रुप धारण कर लिया. आग देख आसपास के



लोग घरों से बाहर निकल आए, यहां तक कि राह चलते लोग भी रुक गए. इस दौरान कुछ लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ती ही चली गई और वही पर खड़े ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया. आगजनी की घटना में ट्रक भी जलकर खाक हो गया. मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया. घटना के बाद क्षेत्र में हड़कम्प मचा रहा, इस बीच लोगों ने कहा कि जल्द से जल्द कचरा घर यहां से नहीं हटाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

## जबरन रुपयों की मांग, रुपये न देने पर मारपीट, आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना गढ़ा में रात में सुशील झारिया उम्र 41 वर्ष निवासी काजी मोहल्ला छोटी बजरिया ने रिपोर्ट् दर्ज कराई कि आज रात लगभग 00-10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी शाहिद शाह अपने भाई राशिद शाह के साथ आकर बोला कि शराब पीने के लिये एक हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर शाहिद शाह ने डंडा से हमलाकर मुंह दांत होठ तथा वायें कान के पास चोट पहुॅचा

## बस की टक्कर से वृद्ध की मौत, लगुन कार्यक्रम जाने निकला था परिवार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित ग्राम धनेटा पाटन रोड पर उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब यात्री बस के चालक ने वृद्ध दरयाव सिंह को टक्कर मार दी. हादसे में वृद्ध के सिर, हाथ व पैर में चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है.

पुलिस के अनुसार ग्राम धनेटा निवासी खिलन सिंह अपने पिता दरयावसिंह लोधी उम्र 60 वर्ष व गनपत सिंह, गोपालसिंह, गोविन्द सिंह सभी लोग ग्राम पिपरिया में आयोजित लगुन कार्यक्रम में जाने के लिए धनेटा बस स्टेंड पहुंच गए. जहां पर सभी लोग बस के इंतजार खड़े बातचीत कर रहे थे. इस दौरान शहपुरा की ओर से आई बस क्रमांक एमपी 66 पी 0380 के चालक ने टक्कर मार दी.

बस की टक्कर लगते ही दरयाव सिंह उछलकर दूर जा गिरे, जिससे वृद्ध के सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोटें आई. दरयाब सिंह को देख परिवार के सभी लोग शोर मचाते हुए पहुंच गए, जिन्होने खून से लथपथ दरयाब सिंह पाटन अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. हादसे की खबर लगते ही पुलिस पहुंच गई. जिन्होने पूछताछ के बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है.

## स्वामी राघव देवाचार्य को सिर तन से जुदा करने की धमकी

### पुलिस अधिकारी बोले, धमकाने वाले की कर रहे पहचान



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में दिगम्बर अखाड़े के जगदगुरु राघव देवाचार्य को सोशल मीडिया पर सिर तन से जुदा करने की धमकी दी गई है। स्वामी जी ने इस मामले की शिकायत मदनमहल थाना में की है। राघव देवाचार्य जी ने पुलिस के अलावा सीएम मोहन यादव से भी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की अपील की है।

बताया गया है कि 8 अप्रेल को हनुमानताल निवासी अब्दुल मजीद नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर बूढ़ी खेरमाई माता को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की। जिसपर 9 अप्रैल को साधु-संतों के नेतृत्व में हनुमान ताल थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान स्वामी राघव देवाचार्य ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा था कि यदि किसी ने हमारे धर्म और भगवान के खिलाफ अपशब्द कहे तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके बाद पुलिस ने 11 अप्रैल को अब्दुल मजीद को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनएसए की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद 13 अप्रेल को स्वामी राघव देवाचार्य को सोशल मीडिया पर सिर तन से जुदा कर जान से मारने की धमकी दी गई। देवाचार्य का कहना है कि यह धमकियां उन्हें तब मिलीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म और भगवान के खिलाफ की गई टिप्पणियों का विरोध किया। स्वामी राघव देवाचार्य को मिली धमकियों पर हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। हिंदू सेवा परिषद के अध्यक्ष अतुल जैसवानी ने कहा कि अगर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो पूरे शहर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। स्वामी राघव देवाचार्य को मिली धमकियों के मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर टीम उनकी पहचान करने में जुटी हुई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि स्वामी राघव देवाचार्य को पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं। मार्च 2018 में उनके घर के बाहर बम फेंके गए थे। 2020 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविद के दौरे के दौरान भी उनके काफिले पर पत्थर फेंके गए थे। इन घटनाओं के बाद उन्होंने राज्य सरकार से सुरक्षा की मांग की थी। स्वामी राघव देवाचार्य ने 10 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजकर अपनी सुरक्षा की मांग की थी। पत्र में उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके अनुयायियों को कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं और उनके खिलाफ कई आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूदए सुरक्षा के लिए उनकी अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### सड़क दुर्घटना

**जबलपुर-** थाना खितोला में निशांत शराबगी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 12 खितौला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धर्मेन्द्र सोनी की बेटी की सगाई का कार्यक्रम यशराज होटल खितौला में हो रहा था जिसमें शामिल होने के लिये प्रकाश चंद सोनी तथा मनीष सोनी दोनों निवासी पेंड्रा छत्तीसगढ़ से आये थे आज रात लगभग 2-30 बजे पैदल पैदल दोनो खितौला रोड पर टहल रहे थे तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम डी 4597 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये प्रकाशचंद सोनी एवं मनीष सोनी का टक्कर मार दिया






स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999